खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 29 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Alumni working at Microsoft, Google, Atlassian, Bain & Company, and more
1.3 Cr. Alumnus Package
B.TECH. ADMISSIONS 2026
CSE | Artificial Intelligence and Machine Learning | VLSI
Smart Manufacturing | Intelligent Robotics and Automation
Applied Petroleum Engineering | Aerospace Engineering and more
Apply through UPESEAT Entrance Test
SCAN TO APPLY
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students* | LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026

# अमेरिका अब दूसरे देशों पर फैसले थोपने की स्थिति में नहीं

## ईरान की दो टूक: ट्रम्प का दबाव नहीं सहेंगे, दावा: ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रम्प का दबाव नहीं सहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका, होर्मुज स्ट्रेट को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक



कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका को बातचीत के लिए रविवार को एक नया प्रस्ताव दिया था। इसमें मुख्य रूप से 3 शर्तें

-शेष पृष्ठ दो पर

### एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को उपाध्यक्ष चुना गया

**न्यूयॉर्क।** ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने इस चुनाव की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी का हालांकि कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की 'भूमिका और वकालत' का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा कि परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया, जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है।

### ईरान को होर्मुज नियंत्रित करने का अधिकार: रूस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

श्री नेबेंज़ियि ने बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान को हमलावर के रूप में पेश करना गुमराह करने वाला है। उन्होंने कहा कि पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का भी आरोप लगाया और अन्य क्षेत्रों में समुद्री आचरण के साथ इसकी तुलना की।

# तपी धरती, झुलसा बदन

## यूपी का बांदा 47.6°दुनिया में सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो




- भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में बारिश- आंधी का अलर्ट
- 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी भारी गर्मी के बीच दिल्ली में आंधी और बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम के कारण मौसम में अचानक यह बदलाव हुआ है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को बांदा 47.6 डिग्री सेल्सियस के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां 30 अप्रैल 2022 को 47.4 डिग्री तापमान रहा था। राजस्थान के जैसलमेर में 46.4 डिग्रीतापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री पहुंच गया, जो पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 शहरों में पारा 46 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। इनमें बाड़मेर 46 डिग्री, वर्धा 46.5डिग्री, अमरावती 46.6डिग्री और अकोला 46.3 डिग्री शामिल हैं। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### लू से प्रभावितों के लिए पहले से ही कार्रवाई करें राज्य : एनएचआरसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली को लू से प्रभावित होने वाले लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली में देश में भीषण गर्मी के दौरान प्रभावित होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने और राहत संबंधी उपाय लागू करने को कहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल है। आयोग ने पाया है कि बार-बाल लू चलने, उसकी अवधि और तीव्रता में वृद्धि के कारण हाशिए पर रहने वाले, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, घरों के बाहर काम करने वाले श्रमिक और बेघर लोग गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं, क्योंकि उनके पास पर्याप्त आश्रय और संसाधन नहीं होते। बुजुर्ग, अल्पवयस्क, बच्चे और नवजात शिशु अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त लू से आजीविका का नुकसान हो सकता है।

### सलीम डोला को तुर्की से वापस लाना एनसीबी की बड़ी उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नार्को सिडिकेट के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो



(एनसीबी) ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एनसीबी ने मंगलवार को तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के सरकार के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिये सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है।

# यूपी पुलिस में एक लाख भर्तियों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- योगी ने उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि प्रदेश में इस वर्ष करीब एक लाख पुलिस भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ रही है, जिससे योग्य युवाओं को अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित प्रधान परिचालकों/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विभाग पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से पूरा किया है, अब युवाओं का दायित्व है कि वे साफ नीयत, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी सेवा दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती प्रक्रिया में लेनदेन और भेदभाव की



शिकायतें होती थीं, लेकिन अब योग्यता और आरक्षण के आधार पर निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया गया है। पिछले 9 वर्षों में प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई है, जो अब फील्ड में तैनात होकर सेवा देंगे। ट्रेनिंग व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव आया है, जहां पहले सीमित संख्या में प्रशिक्षण होता था, वहीं अब एक साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। योगी ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते प्रदेश में निवेश बढ़ा है और इससे अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मस्जिद सभी के लिए खुली: इसका मतलब यह नहीं वहां पूजा करने लगें : वकील

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। मंगलवार को सुनवाई का 9वां दिन था। मस्जिद दरगाह में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ दलील दे रहे एडवोकेट निजाम पाशा ने कहा कि कोई व्यक्ति हिजाब को धार्मिक रूप से अनिवार्य मान सकता है, लेकिन स्कूल के नियम अलग हो सकते हैं। मतलब धार्मिक विश्वास हमेशा संस्थागत नियमों से ऊपर नहीं होगा। अगर किसी मोहल्ले की मस्जिद सबके लिए खुली हो तो भी कोई जाकर घंटी नहीं बजा सकता। आरती नहीं कर सकता, क्योंकि उस जगह की अपनी धार्मिक मर्यादा है।

### सिसोदिया भी जज स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद अब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर सूचित किया है कि न तो वह और न ही उनके वकील उनकी अदालत में पेश होंगे। श्री सिसोदिया ने अपने पत्र और सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'पूर्ण सम्मान के साथ', उनकी अंतरात्मा उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में न्यायमूर्ति के समक्ष कार्यवाही में भाग लेना जारी रखने की अनुमति नहीं देती है।

### गुजरात निकाय चुनाव: सभी नगर निगमों में BJP जीती

**अहमदाबाद।** गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है। इनमें 9992 सीटें हैं। भाजपा ने अब तक 6161 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस के खाते में 1315 और अन्य को 592 सीटें मिली हैं। इस चुनाव भाजपा का स्ट्राइक रेट 76 फीसदी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया है कि उसे 380 सीटों पर जीत मिली है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के 3 उम्मीदवारों को जीत मिली है।

### हौज खास स्थित डियर पार्क से हिरण राजस्थान जाएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हौज खास स्थित दिल्ली के एएन झा डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान के टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है और इसके साथ ही अदालत ने देश भर में वन्यजीवों के स्थानांतरण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी निर्धारित किए हैं। सीईसी के निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कार्यवाही को बंद कर दिया और अधिकारियों को वैज्ञानिक तथा समयबद्ध स्थानांतरण योजना लागू करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

# ईडी ने आरकॉम की लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) बैंक धोखाधड़ी मामले में 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

इसके साथ ही रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप (आरएएजी) से जुड़े मामलों में कुल कुर्की 19,344 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ईडी ने मंगलवार को बताया कि संपत्तियों को क्षय से बचाने और बैंकों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 5 के तहत यह अंतरिम कुर्की की है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बैंक और सार्वजनिक धन की कथित हेराफेरी और धन शोधन के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। यह जांच भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आरकॉम, अनिल डी. अंबानी और अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई सीबीआई की कई प्राथमिकियों के आधार पर शुरू की गई थी।

### अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं : अनिल अंबानी का परिवार

**नई दिल्ली।** आरकॉम से जुड़े एक मामले में ईडी की अंतरिम कुर्की की हालिया कार्रवाई पर अनिल अंबानी परिवार ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि इससे दोष साबित नहीं होता। परिवार ने कहा है कि अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं है और प्रभावित पक्ष प्राधिकरण के समक्ष तय समय सीमा में अपना पक्ष रखेंगे। जांच में प्रवर्तकों से जुड़ी संपत्तियों का पता चला है, जिनमें मुंबई की उषा किरण बिल्डिंग में एक फ्लैट, पुणे के खंडाला में एक फार्महाउस और अहमदाबाद के साणंद में जमीन का एक हिस्सा शामिल है।

### दिल्ली कोर्ट ने सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर को तीन महीने जेल की सजा सुनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोर्ट ने दो सीबीआई ऑफिसर्स को दो दशक पहले एक रेड के दौरान इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) ऑफिसर के घर में मारपीट करने और बिना इजाजत घुसने के जुर्म में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शशांक नंदन भट्ट रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर वीके पांडे और रमनीश के खिलाफ सजा पर दलीलें सुन रहे थे, जो 2000 में रेड के समय सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के तौर पर काम कर रहे थे। रमनीश अभी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में जॉइंट डायरेक्टर हैं। कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 50.50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों पर आईआरएस ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाए गए थे।

# बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर मतदान आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

ममता की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। ममता के खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। कोलकाता में एक महिला कर्मचारी गर्मी के चलते बेहोश हो गई। सेकेंड फेज में कुल 1473 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण में 92.72 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने राज्य भर में 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पूर्व बर्धमान के टीएमसी पार्षद नारु गोपाल भक्त भी शामिल हैं, जिन पर भाजपा नेता के घर हमले और डराने-धमकने का आरोप है। बंगाल में 510 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री जब्त हो चुकी है। 2021 के चुनाव में 339 करोड़ की जब्ती हुई थी।

# नारी शक्ति से भयभीत है परिवारवादी दल: मोदी

वाराणसी, वार्ता



- वाराणसी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

**पीएम मोदी** मंगलवार की दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से बरेका पहुंचे। यहां गेस्ट हाउस में विश्राम के बाद शाम करीब पांच बजे बरेका में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में पहुंचे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे।

उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी वंदन सम्मेलन में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज देश की लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और उनमें से करीब तीन करोड़ महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में बनारस की हजारों महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि अभी त शुरुआत भयल हौ, ई बोनस बढ़त जाई, जिससे कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं में उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का अभियान शुरू हो चुका है और इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहली बार सैनिक स्कूलों और रक्षा क्षेत्र के द्वार बेटियों के लिए खोले गए हैं, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई संसद के गठन के बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया और वर्ष 2023 में नारी वंदन अधिनियम लाया गया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग तस्कर की एक करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में नशा मुक्त अभियान के तहत ड्रग तस्करी के खिलाफ अपनी तेज कार्रवाई जारी रखते हुए श्रीनगर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर की लगभग 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस)एक्ट की धारा 68-एफ के तहत कार्रवाई करते हुए रैनावारी पुलिस स्टेशन ने आरोपी बिलाल अहमद पाटू, सैदकदल, श्रीनगर की 11 मरला जमीन के साथ एक मंजिला रिहायशी घर कुर्क किया। आरा. पी एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20-29 के तहत शामिल है। उक्त संपत्ति की पहचान ड्रग तस्करी से कमाए गए पैसे से गैर-कानूनी तरीके से हासिल की गई संपत्ति के रूप में की गई है।

### मार्च में 4.1 प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन


**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू खनन सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन से मार्च में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.1 प्रतिशत बढ़ा जो पांच महीने में सबसे कम है। यह अक्टूबर 2025 के बाद की सबसे सुस्त वृद्धि है। इस साल फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी के 5.9 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की 2.3 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई। हालांकि खनन क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी की 3.1 फीसदी की तुलना में मार्च में 5.5 फीसदी हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भी औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# सहमति से शारीरिक संबंध रेप नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेप केस में एक आरोपी की अग्रिम याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने के बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बालिगों के बीच सहमति से लंबे समय तक चलने वाला शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं हो सकता है। कोर्ट ने इस केस में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह आदेश दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला की सिंगल बेंच ने आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वो पुलिस जांच में सहयोग करेगा। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसके बाद कोर्ट ने यह टिप्पणी की। आरोपी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया, जब मामले में कथित पीड़िता ने उसके खिलाफ बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी याचिकाकर्ता ने आजमगढ़ के सिधारी थाने में बीएनएस की धारा 64, 115(2) और 351(3)के तहत एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में



■ याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। याची के वकील ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि याची को बलात्कार केस में फर्जी तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने कोर्ट में अपनी सारी दलीलें रखीं, कोर्ट ने सभी तथ्यों के आधार पर माना कि सहमति से बालिगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे फिजिकल रिलेशन को बलात्कार नहीं माना जा सकता है। पीड़ित जो एक विधावा है और उसका 15 साल का बेटा है, उसने याची के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीएनएस की धारा 183 के तहत दर्ज किया गया बयान एफआईआर में बताई गई कहानी से बिल्कुल अलग है। धारा 183 के तहत दर्ज बयान में आपसी सहमति से संबंध दिखाया गया है और याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है, वहीं याची का कोई क्रिमिनल इतिहास नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि मामले में महिला ने दावा किया कि उसने 2022 से याचिकाकर्ता से बात करना शुरू किया था., हालांकि कोर्ट में सरकार की तरफ से अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया गया और कहा गया कि याची इस मामले में अकेला नामजद आरोपी है। उसने पीड़िता का फायदा उठाते हुए बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में यह नहीं बताया गया कि पीड़िता और याचिकाकर्ता के बीच सहमति से रिश्ता था। धारा183 के तहत दर्ज बयान में पीड़िता का दावा है कि उसने साल 2022 से याची से फोन पर बात करना शुरू कर दिया था और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे। वह लगभग 35 साल की विधवा है, जिसका एक 15 साल का बेटा है।

# महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित थे, वहां अब चुनाव लगभग समाप्त हो गए हैं, इसलिए सरकार को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिए होने वाले चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है और लोकसभा के परिस. ीमन को लागू करने का सरकार का प्रयास विपक्ष की एकजुटता के कारण विफल रहा है, तो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम,



■ विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो चुका

2023 को वर्ष 2029 से लोकसभा की मौजूदा संख्या के साथ किस प्रकार लागू किया जा सकता है, इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। यह कदम संभव, वांछनीय और आवश्यक है। कांग्रेस नेता ने आरा. ेप लगाया कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिलाओं का आरक्षण वास्तविक मुद्दा नहीं था, बल्कि उस समय का एजेंडा परिसीमन से जुड़ा हुआ था।

### ओडिशा के सिजिमाली में अशांति की केंद्र कराए निष्पक्ष जांच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा के रायगड़ा और कालाहांडी जिलों के सिजिमाली क्षेत्र में उत्पन्न अशांति पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूरे घटनाक्रम की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसको लेकर कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन परियोजना और उससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं को लेकर स्थानीय आदिवासी समुदायों में व्यापक असंतोष है, जिसे संवे. दनशीलता से संभालने की आवश्यकता है।

# शिष्टमंडल को गाजीपुर जाने से रोकना दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में दलितों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस आदिवासी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम तथा उनके साथ उत्तर प्रदेश के गाजीपुर गए प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्यों ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी की हत्या हुई है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कल पीड़ति परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने जा रहा था,

■ सीएम योगी ने किया मौलिक अधिकारों का उल्लंघन: गौतम

लेकिन प्रशासन ने उन्हें वहां जाने से रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने धारा 163 का हवाला दिया। उनका कहना था कि कानून में पीड़ित की पहचान उजागर न करने का प्रावधान है लेकिन प्रशासनिक आदेश में ही पीड़ति की पहचान सामने आ रही है, जो नियमों के विपरीत है। गौतम ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित कई बड़े राज्यों में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में घोड़ी पर बारात लेकर जा रहे एक दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गई।

## समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे: अखिलेश

# आईपीएस के वायरल वीडियो पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख+[्शे नहीं जाएंगे। यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इस प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है। सपा प्रमुख ने



■ बंगाल चुनाव में ऑब्जर्वर बनकर पहुंचे यूपी के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा

कहा कि भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि से जुड़ा मामला बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकरण में होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री का रुख क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना कुछ सामने आने के बाद सरकार पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई का दबाव बनना तय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल अपरा. धियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे अधिकारियों पर भी समान रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि महिलाओं का भरोसा कायम रह सके।

### आईपीएस की नियुक्ति पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म -'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि शर्मा बीज. ेपी द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 76886.00
**निफ्टी** 23995.70



**सोना** 150000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 238000
प्रति किलो




# बैंकिंग, आईटी शेयरों के दबाव में लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग और आईटी सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक (0.54 प्रतिशत) गिरकर 76,886 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 97 अंक यानी 0.40 फीसदी नीचे 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। डॉलर की तुलना में रुपए में 40 पैसे से ज्यादा की गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई है। बड़ी कंपनियों के विपरीत छोटी और मझौली



कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.26 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.42 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, आईटी और ऑटो सेक्टरों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया।

तेल एवं गैस, धातु और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडिगो और मारुति सुजुकी के शेयर ढाई फीसदी से अधिक लुढ़क गए। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट में डेढ़ से दो प्रतिशत तक की गिरावट रही। इंफोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत तक टूटे। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल में डेढ़ प्रतिशत के आसपास तेजी रही। टेक महिंद्रा, सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी ऊपर रहे।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,629 रुपए घटकर 1.50 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 5,381 रुपए घटकर 2.38 लाख रुपए रह गई। चांदी की कीमत कल यानी 27 अप्रैल को 2.49 लाख रुपए थी।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। उच्चतम स्तर से सोना 26 हजार सस्ता होकर अब 1.50 लाख प्रति10 ग्राम आ चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। पिछले 89 दिन में चांदी 1.48 लाख गिरकर 2.38 लाख/किलो पर आई। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# मदर डेयरी ने 30 से अधिक नए उत्पाद पेश करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता**

मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नए उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उससे प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जाएगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ए उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं।

आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नए उत्पाद ला रहा है। इनमें पहली बार टू-इन-वन मटका और टब फॉर्मेट, प्रीमियम क्राफ्टेड रेंज, तथा युवाओं को पसंद आने वाले फ्लेवर्स जैसे क्रीम चीज पिस्ता कोन और पिस्ता कुल्फी कसाटा शामिल हैं। इसके अलावा गो-लो सब-ब्रांड के तहत कम कैलोरी वाली आइसक्रीम की नई रेंज भी पेश की जा रही है, जो तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स- चोको आल्मंड, शाही मेवा और केसर पिस्ता टिल्ला कुल्फी- में उपलब्ध होगी। कंपनी अपने फेश डेयरी पोर्टफोलियो में जामुन योगर्ट और भुना जीरा रायता जैसे उत्पाद ला रही है। नई कैटेगरी श्रीखंड को पश्चिमी बाजारों के लिए तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स में पेश किया जाएगा और उत्तरी बाजारों के लिए मीठी दही पेश की जाएगी। कंपनी अपने यूएचटी दूध पोर्टफोलियो का भी विस्तार करेगी, जिसमें काउ मिल्क और स्टैंडर्डाइज्ड मिल्क को जम्मू एवं कश्मीर जैसे बाजारों में पेश किया जाएगा, ताकि सुविधाजनक और लंबी शेल्फ-लाइफ वाले विकल्पों की बढ़ती मांग पूरी की जा सके। इसके अतिरिक्त हाई-प्रोटीन 'प्रो' रेंज को प्रोकर्ड और प्रोपनीर- क्रमशः हाई-प्रोटीन दही और हाई-प्रोटीन पनीर- के साथ और मजबूत किया जा रहा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम एशिया संकट: तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव का असर अब उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों पर साफ नजर आने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तारकोल के दामों में तेज उछाल आया है, जिससे सड़क निर्माण की गति धीमी पड़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पिछले डेढ़ महीने के भीतर तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अचानक बढ़ोतरी से पुराने रेट पर ठेका लेने वाले ठेकेदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारी भी मानते हैं कि लागत बढ़ने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण विभाग के सूत्रों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को तारकोल (वीजी-30) का दाम 46,532 रुपए प्रति टन था। इसके बाद हर पंद्रह दिन में इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।16 मार्च भाव 51,092 रुपए प्रति टन, 1 अप्रैल को 65,002 रुपए प्रति टन और 16 अप्रैल को 76,152 रुपए प्रति टन हो गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अमेरिका अब...** थीं- 1. अमेरिका- इजरायल के साथ चल रहा युद्ध खत्म हो और आगे हमला न करने की गारंटी मिले 2. फिर अमेरिका की समुद्री नाकेबंदी हटे, होर्मुज खुले और जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो 3. सबसे आखिर में परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन जैसे विवादित मुद्दों पर बात हो, हालांकि ट्रम्प इस प्रस्ताव को मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रम्प सरकार का मानना है कि अगर बिना परमाणु कार्यक्रम का मामला सुलझाए बिना होर्मुज स्ट्रेट खोला, तो बातचीत में अमेरिकी पक्ष कमजोर हो जाएगा। इसलिए दोनों का हल एक साथ ही निकाला जाना चाहिए। ओमान के मुसंदम तट के पास सोमवार को होर्मुज में कई जहाज खड़े दिखाई दिए। युद्ध शुरू होने के बाद से इनमें से कई जहाज फंसे हुए हैं। ट्रम्प ने दो दिन में दूसरी बार ईरान का प्रस्ताव ठुकराया है। दरअसल, पिछले कई हफ्तों से ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के जरिये प्रस्तावों का आदान-प्रदान हो रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है।

### ओडिशा कंकाल मामले में बैंक ने आरोपों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक व्यक्ति के बहन की मौत के सबूत के तौर पर बैंक में कंकाल लेकर पहुंचने की घटना पर सफाई देते हुए कहा है कि शाखा प्रबंधक का इरादा उस व्यक्ति को परेशान करने का नहीं था, बल्कि वह सिर्फ नियमों का पालन कर रहे थे। घटना के एक दिन बाद मंगलवार को बैंक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ओडिशा के क्योंझर जिले में उसके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 'ओडिशा ग्रामीण बैंक' की मल्लीपोसी शाखा में 27 अप्रैल को जीतू मुंडा नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को कालरा मुंडा का भाई बताते हुए उसके खाते से पैसे निकालने की मांग की। पोस्ट में कहा गया है कि जब उसे बताया गया कि बिना उचित प्राधिकार पत्र के कोई भी व्यक्ति किसी और के खाते से पैसा नहीं निकाल सकता तो उसने बताया कि कालरा मुंडा की मौत हो चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर को विकास की बड़ी सौगात

**श्रीनगर, वार्ता**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3566 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 4568-23 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि भी जारी की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुलरदर कुमार चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें बनाने के लिए नहीं, बल्कि दिल से दिल जोड़ने के संकल्प के साथ आई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए षदिल के द्वार भी खुले हैं और दिल्ली के द्वार भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दोनों चरणों में जम्मू-कश्मीर को प्राथमिकता दी गई है। यह इस बात का सुबूत है कि केंद्र सरकार इस इलाके के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एक ही साल में राज्य



■ शिवराज सिंह चौहान ने 3566 करोड़ की सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

के लिए लगभग 8,000 करोड़ रुपए की सड़कों की स्वीकृति एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसकी मदद से हर गांव और दूरदराज की आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। चौहान ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि अब लक्ष्य केवल 'लखपति दीदी' बनाना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त उद्यमी बनाना है। कृषि के मुद्दे पर उन्होंने घोषणा की कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की एक टीम जल्द ही जम्मू-कश्मीर आएगी, जो यहां की जलवायु और मिट्टी का अध्ययन कर खेती को लाभकारी बनाने का विस्तृत रोडमैप तैयार करेगी।

### जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए दिल और दिल्ली दोनों के दरवाजे खुले: शिवराज

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने के लिए भी प्रतिबद्ध है और जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 'दिल और दिल्ली', दोनों के दरवाजे खुले हैं।

श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजी एसवाई)-4 (बैच-2) के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपने के बाद उन्होंने यह बात कही। इस योजना से केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने, दूरदराज क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ने और कृषि आधारित समृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार पीएमजीएसवाई के नए चरण से किसानों और ग्रामीण समुदायों को वस्तुओं एवं सेवाओं की बेहतर आवाजाही का लाभ मिलेगा।

# हत्यारी मां और तीन बेटों को फांसी की सजा

**फास्ट ट्रैक कोर्ट ने माना दुलर्भ से दुर्लभतम हत्याकांड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 7 साल पुराने हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए इस हत्याकांड को दुलर्भ से दुलर्भतम हत्याकांड मानते हुए आरोपी एक मां और उसके 3 बेटों को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप कुमार के अनुसार भौराकला थाने में सिसौली निवासी राजबाला देवी ने 17 सितम्बर 2019 को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उनके बेटे शेखर ने गांव खेडी सूडियान निवासी राजकुमार उर्फ रामू को 70 हजार रूपये उधार दिये थे। वह काफी दिनों से अपने रुपए उनसे मांग रहा था। कई बार उनके घर भी गया था। आरोपी कुछ ना कुछ बहाना बनाकर टालते रहे।

17 सितंबर 2019 को शेखर अपने रुपए लेने के लिए उसके घर गया। शेखर ने अपने रुपए मुकेश और उसके बेटों से मांगे। उन्होंने रुपए देने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। झगड़ा बढ़ने पर मुकेश और उसके बेटों प्रदीप, संदीप और सोनू ने मिलकर शेखर को ईंटों





और डंडों से पीटा। उसे पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया।

शेखर ने तड़पकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए, गवाहों के बयान दर्ज किए और आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष ने बताया कि घटना को प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया और निर्ममता के साथ शेखर की हत्या कर दी गई। सबूतों को देखते हुए कोर्ट ने अपराध को गंभीर और समाज के लिए खतरा बताया।

इसे रेयर ऑफ द रेयरेस्ट की कैटेगरी में रखते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायधीश रवि कुमार दिवाकर ने मुकेश उर्फ बिट्टो, प्रदीप, संदीप और सोनू को फांसी की सजा सुनाई और साथ ही प्रत्येक दोषी पर 50-50 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया। जिसे क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया गया।

**मां बोली**- अब मेरे बेटे की आत्मा को शांति मिलेगी शेखर की मां राजबाला ने बताया- बेटे को खोने के बाद 7 साल से आरोपियों को सजा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही थी। अब मेरे बेटे को न्याय मिला है। वो जहां भी होगा उसकी आत्मा को अब शांति मिलेगी।

## हत्या के 4 आरोपियों को मृत्युदंड

मुजफ्फरनगर पुलिस और अभियोजन की सशक्त पैरवी से हत्या के मामले में चारों आरोपियों को मृत्युदंड और 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### मामला क्या था

18.06.2019 को पीडिता ने थाना भौराकलां में तहरीर दी कि अभियुक्त 1. प्रदीप, 2. संदीप, 3. सोनू पुत्रगण रामकुमार उर्फ रामू और 4. मुकेश पत्नी रामकुमार उर्फ रामू निवासी खेडीसूडियान ने उनके पुत्र शेखर की उधार के पैसे वापस मांगने पर हत्या कर दी। पुलिस ने मु0अ0सं0 79/2019 धारा 147, 148, 149, 302, 336, 504 भादवि में मुकदमा दर्ज किया।

### पुलिस कार्रवाई

18.06.2019 को प्रदीप और 23.06.2019 को मुकेश को गिरफ्तार किया गया। संदीप व सोनू ने 28.06.2019 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। थाना भौराकलां पुलिस ने 12.08.2019 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। एडीजीसी कुलदीप सिंह एवं कोर्ट पैरोकार आरक्षी हरमेश की प्रभावी पैरवी पर आज न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर, एडीजे/एफटीसी कोर्ट नं-3 मुजफ्फरनगर ने चारों आरोपियों प्रदीप, संदीप, सोनू और मुकेश को मृत्युदंड व 50 हजार रुपये प्रति व्यक्ति अर्थदंड से दंडित किया।

**ऑपरेशन कन्वीक्शन के तहत सजा**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडिक, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर तथा थाना प्रभारी भौराकलां योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में प्रभावी पैरवी की गई।

## लापता सब्जी विक्रेता का शव नहर से बरामद

**मीरापुर।** कस्बे के पंजाबी कॉलोनी निवासी पंकज खुराना पुत्र स्वर्गीय जीत खुराना का शव कुतुबपुर नहर झाल से बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पंकज खुराना मीरापुर के मुख्य बाजार में सब्जी विक्रेता के रूप में कार्य करते थे। शनिवार सुबह करीब 9 बजे वह अपनी विक्की मोटरसाइकिल से घर से निकले थे। परिवार के लोगों ने उन्हें गंगनहर में विसर्जन के लिए पूजा सामग्री भी दी थी। रात करीब 9 बजे तक पंकज के घर वापस न लौटने और मोबाइल फोन बंद मिलने पर परिजन चिंतित हो गए। काफी तलाश के बाद उन्होंने थाना मीरापुर पुलिस को सूचना दी, जिसके आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई। सर्च अभियान के बाद सोमवार को पंकज खुराना का शव नहर से बरामद हुआ।

## कचहरी परिसर के ट्रांसफार्मर में आग से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला पंचायत कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर और उससे जुड़े बिजली के केबिल में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना हवालात के सामने स्थित कैंटीन के बाहर हुई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा और उससे जुड़ा केबिल चिंगारियों के साथ टूटकर जमीन पर गिर गया। इससे मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद काफी देर तक टूटे हुए केबिल से करंट के साथ चिंगारियां निकलती रहीं। इससे आसपास मौजूद लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। घटना के समय कचहरी परिसर में काफी भीड़ थी, जिससे अचानक हुई इस घटना ने सभी को सकते में डाल दिया।इसी दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर एक भिखारी टूटे हुए केबिल के बेहद करीब था और आग की चपेट में आने वाला था। वहां से गुजर रहे एक पुलिसकर्मी ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए उसे तुरंत खींचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। पुलिसकर्मी की इस बहादुरी का यह पूरा घटनाक्रम मौके पर मौजूद लोगों के मोबाइल कैमरों में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सुरक्षा के मद्देनजर आग बुझाने से पहले बिजली आपूर्ति भी बंद कराई गई, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। घटना के बाद कुछ समय तक कचहरी परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रारंभिक तौर पर शार्ट सर्किट अथवा ओवरलोड को आग का कारण माना जा रहा है।

## बंगाल में बढ़ता मतदान प्रतिशत दे रहा संकेत : टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं किसान नेता राकेश टिकैत ने पश्चिम बंगाल के चुनावों को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जाएं तो ममता बनर्जी की जीत लगभग तय है। टिकैत के मुताबिक, बंगाल में बढ़ता मतदान प्रतिशत साफ संकेत दे रहा है कि जनता अब ज्यादा जागरुक हो चुकी है और यह रुझान ममता बनर्जी के पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है।

राकेश टिकैत ने कहा कि बंगाल में 90 प्रतिशत तक मतदान होना इस बात का प्रमाण है कि मतदाता अपनी भूमिका को गंभीरता से निभा रहा है। टिकैत का मानना है कि इतना अधिक मतदान आमतौर पर सत्ता के खिलाफ या किसी मजबूत स्थानीय नेतृत्व के पक्ष में जाता है और इस स्थिति में ममता बनर्जी को लाभ मिल सकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या बेईमानी नहीं हुई, तो चुनाव परिणाम ममता के पक्ष में ही जाएंगे।

## सम्प्रेक्षण बाल गृह का औचक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** मजिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव डा. सत्येंद्र चौधरी ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा सत्येंद्र चौधरी ने संप्रेक्षण गृह के प्रथम तल का सघन भ्रमण किया। उन्होंने वहां रह रहे किशोरों से सीधा संवाद किया और उनसे खानपान, आवास व्यवस्था व अन्य दैनिक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने किशोरों के कानूनी प्रकरणों से जुड़ी पत्रावलियों का गहन अवलोकन किया और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें नियमानुसार समय पर कानूनी सहायता मिल रही है या नहीं।

## आयकर विभाग ने करदाताओं के लिए किया कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को मुजफ्फरनगर स्थित आयकर कार्यालय के सभागार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त आयकर आयुक्त रेंज 1 आकाश बरनवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं को आयकर अधिनियम 2025 के प्रावधानों, आयकर नियम 2026 में हुए महत्वपूर्ण बदलावों और नए आयकर प्रपत्रों से परिचित कराना था।कार्यक्रम में प्रधान आयकर आयुक्त शुमाना सेन बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुईं। उनके साथ आयकर आयुक्त (अपील) लगनप्रीत संधू और संयुक्त आयकर आयुक्त भूपेंद्र सिंह ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीटयूट और अधिवक्ता बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में करदाताओं ने भाग लिया। संयुक्त आयकर आयुक्त आकाश बरनवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आयकर विभाग द्वारा पेश किए गए नए सुधारों का प्राथमिक उद्देश्य करदाता सेवाओं का सरलीकरण करना है। उन्होंने 'कर साथी, 'कर सेतु' और विवरणिका के उपयोग की जानकारी दी गई। संयुक्त आयकर आयुक्त आकाश बरनवाल ने उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, अधिवक्ताआ सहित सभी का आभार जताया।

# सपा सरकार बनते ही 24 घंटे में होगा गन्ना भुगतान, मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली

**सांसद हरेंद्र ने फूंका विधानसभा चुनाव का बिगुल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि 2027 में श्इंडियाश गठबंधन की सरकार बनते ही उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद कार्यकर्ता सम्मेलन में डिजिटल माध्यम से जुड़कर किसानों के लिए ऐतिहासिक घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनते ही 15 हजार करोड़ रुपए का रिवाल्विंग फंड स्थापित किया जाएगा। जैसे ही किसान की गन्ना पर्ची कंप्यूटर पर दर्ज होगी, उसके मात्र 24 घंटे के भीतर भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगा। अब किसानों को अपने ही पैसे के लिए दो-दो साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, जिला महासचिव सोमपाल भाटी, नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी, और किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर शर्मा पीनना मौजूद रहे।

**स्मार्ट मीटर की होगी विदाई, 300 यूनिट बिजली मुफ्त**

सपा सांसद ने बिजली के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि वर्तमान सरकार स्मार्ट मीटर के जरिए जनता का आर्थिक शोषण कर रही है। उन्होंने घोषणा की है कि सपा सरकार आने पर स्मार्ट मीटरों से पूरी तरह निजात मिलेगी, वहीं किसानों और आम उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी।

**कानून व्यवस्था को लेकर मंत्री पर गंभीर आरोप**

जिले की कानून व्यवस्था के नाम पर निर्दोष लोगों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए हरेंद्र मलिक ने राज्यमंत्री पर अपरा. धियों को संरक्षण देने का सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ष्मंत्री खुद अपराधियों को बचाने में लगे हैं।

बीते दिनों रुड़की चुंगी चौकी और बकरा मार्केट स्थित एक प्रकरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस मामले में पुलिस को सीधे एक्शन लेना चाहिए था उसे मामले में भी सत्ता का दखल हो रहा पकड़े गए तीन युवकों को मंत्री के दबाव में छोड़ दिया गया।

**फिलहाल आंदोलन इसलिए नही, ताकि कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न न हो**

हरेंद्र मलिक ने साफ कहा कि सपा कानून के दायरे में रहकर आम जान के अधिकारो के लिए आंदोलन करेगी, स्मार्ट मीटर को लेकर भी आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह इसलिए बड़ा आंदोलन नहीं चला रहे ।

ताकि कानून व्यवस्था बिगड़ने के नाम पर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं और आमजन का उत्पीड़न ना हो। 2027 में इंडिया गठबंधन की चुनाव रणनीति पर चर्चा करते हुए मलिक ने कहा कि 2027 में इंडी गठबंधन छोटे दलों को साथ लेकर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि जनता भाजपा की नीतियों से त्रस्त हो चुकी है और अब परिवर्तन निश्चित है।



मुजफ्फरनगर: पत्रकारों से पार्टी की नीतियों को साझा करते सपा सांसद एवं अन्य नेता।

## 200 बीघा जमीन पर चल रही अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीए का बुल्डोजर

**मुजफ्फरनगर।** अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी काटने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को प्राधिकरण की टीम ने ग्राम मंधेडा में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लगभग 20 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया।

,यह कार्रवाई मंडलायुक्त सहारनपुर मण्डल की प्रेरणा और एमडीए उपाध्यक्ष प्रणता ऐश्वर्या के सख्त आदेशों के अनुपालन में की गई। प्राधिकरण के जोन-5 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंधेडा में इन्डाना फैक्ट्री के पीछे भू-स्वामी अनारो और गंगाराम द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि उक्त भू-स्वामियों ने लगभग 20 बीघा भूमि पर बिना तलपट मानचित्र स्वीख्रत कराए अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी थी। एमडीए द्वारा पूर्व में इन्हें नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे और नियमानुसार चालानी कार्यवाही भी की गई थी। ध्वस्तीकरण के आदेश जारी होने के बावजूद भू-स्वामियों ने स्थल से अवैध निर्माण नहीं हटाया, जिसके बाद आज प्राधिकरण ने कड़ा रुख अपनाया।मंगलवार दोपहर प्राधिकरण की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुँची। इस दौरान अवैध प्लॉटिंग के तहत बनाई गई सड़कों, नींव और बाउंड्री वॉल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कहीं भी अवैध निर्माण या अवैध प्लॉटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डक। ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वह मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण से स्वीख्रत है या नहीं, अन्यथा भविष्य में उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही हो सकती है।

# नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रुकनपुर में जल निकासी की नाली को लेकर उपजा विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। मामूली कहासुनी ने कुछ ही देर में उग्र संघर्ष का रूप धारण कर लिया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ आमने-सामने आ गए। हालात इतने बिगड़ गए कि पूरे गांव में दहशत और अफरा-तफरी फैल गई। इस दौरान हुई मारपीट में दोनों ओर से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कांस्टेबल मोमराज और अंकित शर्मा को भी आक्रोशित भीड़ का सामना करना पड़ा। आरोप है कि भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए और पुलिसकर्मियों को पीछे हटकर अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खतौली थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया और हालात पर काबू पाया। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष, आलोक, नीरज, विनोद, अमित, अनुज, आदित्य और रितिक शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।





पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## डीजे पर डांस करने को लेकर शादी में बवाल, तीन घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि समारोह में अफरातफरी मच गई। घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार बेहड़ा आस्सा निवासी अमन पुत्र बबलू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा के बेटे प्रवेश की बारात रुकनपुर गांव आई हुई थी। शादी समारोह में सब कुछ सामान्य चल रहा था और बराती-घराती कार्यक्रम में शामिल थे। इसी दौरान डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि खेड़ी गांव निवासी मोहित व छोटू अपने तीन साथियों के साथ पहुंचे और हमला कर दिया। हमले में अर्जुन, विशाल विक्रांत और विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई और शादी का माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों व जिम्मेदार लोगों ने पंचायत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता नहीं हो सका।इसके बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बुढ़ाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी..........**

## मुठभेड़ में 20 हजार के इनामी समेत 2 शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसएसपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बुढ़ाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली। मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ में चोरी लूट की घटनाओं में शामिल 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत 2 शातिरों को अरेस्ट किया गया।

एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुआ है। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुबह एक स्कूल के पास गांव मंदवाड़ा की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। पुलिस देख बदमाशों ने फायरिंग की तो जवाब में शकील उर्फ घोड़ा पुत्र रशीद हाल निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास पठानपुरा मंगलौर हरिद्वार घायल हो गया और शाहिब पुत्र बसेरु निवासी गांव सिखरेडा को कांबिंग करके पकड़ लिया गया। घायल बदमाश पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से 5 लाख 40 हजार रुपये, 2 तमंचे, 1 खोखा, 2 जिंदा कारत. ूस, 1 मिस कारतूस, बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना बाइक व एक आधार कार्ड बरामद हुआ। बरामद नकदी कोतवाली बुढ़ाना में दर्ज हुए एक मुकदमे से संबंधित है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे बस अढे व भीड़ भाड़ वाली जगहों पर यात्रियों के बैग ब्लेड से काटकर नकदी व ज्वैलरी चोरी करते थे। ज्वैलरी बेंचकर मिले पैसे आपस में बांट लेते थे और अपने शौक पर खर्च कर देते थे। बीती 22 अप्रैल को रेशमा पत्नी सुहैब निवासी मौहल्ला कस्साबान बुढ़ाना ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनका बैग ब्लेड से काटकर 50 हजार रुपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए।

इसी मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी थी। मुठभेड़ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, गढी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार, बुढ़ाना कस्बा चौकी के इंचार्ज ललित कसाना, दरोगा आशीष चौधरी, हैड कांस्टेबल संजय, अमरदीप, सुनील, निर्वेश भारद्वाज, कांस्टेबल विजय और एसओजी टीम में शामिल पुलिसकर्मी रहे।

## रंजिश के कारण हुआ संघर्ष, चले लाठी-डंडे

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव वैल्ली में पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। गवाही की रंजिश में दो पक्ष आमने सामने आ गए और लाठी डंडे चलने से एक ही परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर किया गया है। गांव वैल्ली निवासी गौतम मौर्य पुत्र रतन सिंह ने बताया कि उनके परिवार का दूसरे पक्ष से पुराना मुकदमा चल रहा है। उस केस में गौतम गवाह हैं। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उनके घर पर धावा बोल दिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गौतम मौर्य, उनके पिता रतन सिंह और माता हरबिरी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों के सिर और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी बुढ़ाना भिजवाया। तीनों घायलों के सिर में गंभीर चोटें हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सभी को एक्स-रे और बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया। उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी मोहित तेवतिया ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से मुकदमा विचाराधीन है। प्रथम दृष्टया गवाही को लेकर ही यह विवाद हुआ है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मारी, एक घायल

**छपार।** हाइवे पर टोल के निकट एक कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। चालक कार सहित फरार हो गया।

गांव पचेंडा खुर्द थाना नई मंडी निवासी रामपाल 26 अप्रैल को अपनी बाइक से पुरकाजी जा रहा था जब वह टोल के निकट पहुंचा तो पीछे से तेजगति से आई वेगनआर कार ने जोर से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार कू लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां से डाक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। एक प्राइवेट नर्सिंग-होम में उसका इलाज चल रहा है। घायल के पुत्र पवन कुमार ने वेगनआर कार के विरु) थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।पुलिस कार की तलाश में जुटी है।

# आग लगा कर वन संपदा को खत्म कर रहा फायर गैंग

■ ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ की कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तेज़ गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं सड़क किनारे खड़े हरे भरे वृक्षों सहित वनस्पति को आग लगाकर जलाने वाले फायर गैंग की करतूत सामने आई है। ग्रामीणों व पर्यावरण प्रेमियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोरना भोपा क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी हरियाली में आग लगाने तथा लगी आग से हरे वृक्षों को जलाने व गंग नहर पटरी किनारे खड़ी हरियाली में आग लगाकर उसे समाप्त कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जहां एक सक्रिय गैंग द्वारा आग लगाकर हरियाली को समाप्त करने की करतूत का वीडियो वायरल हो रहा है। ग्रामीणों व पर्यावरण प्रेमियों ने फायर गैंग के सदस्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया कि मोरना भोपा क्षेत्र सहित गंग नहर पटरी किनारे खड़े बांस,हरियाली व वृक्षों में आग लगाने की घटना बेहद गम्भीर इस सम्बंध में पत्र लिखकर व मौखिक रूप से सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है। आग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। मोरना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी रविकांत ने बताया कि आग लगाने वालों की पहचान कराई जा रही है। पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# नुक्कड़ नाटक से महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कालेज आफ़ मैनेजमेंट स्टडीज के सांस्कृतिक क्लब कलाकृति मंच के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संदीप मित्तल सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में नारी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। नारी हमारे जीवन में कभी बेटी, कभी बहन और कभी मां के रूप में हर सुख-दुख में साथ रहती है। कलाकृति मंच के संयोजक रोहन त्यागी ने बताया कि मंच का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम में महिला सम्मान और नारी शक्ति को केंद्र में रखकर इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, ताकि समाज को यह संदेश दिया जा सके कि आधी आबादी को उसका पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। इस नाटक में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भूमिकाओं को जीवंत रूप से निभाया। प्रतिभागियों में जतिन,




राशि, परी, निधि, आकांक्षा, खुशी शर्मा, खुशी पाल, आस्था, रेशु, वंशिका यादव, वेदिका मित्तल, उदय, अन्नू, शगुन, लक्ष्य भारद्वाज और प्रियांश तोमर शामिल रहे।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कलाकृति मंच की सहसंयोजक डा. संगीता, अनुज गोयल, लवी कुमारी, अंजली सैनी, अनन्या शुक्ला और प्राची गर्ग का विशेष योगदान रहा। यहां डा. राजीव पाल सिंह, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल, एसडी कालेज ऑफ कामर्स के डीन डा.नवनीत वर्मा, एमबीए विभाग से डा. विभूति अग्रवाल सहित दीपक गर्ग, मो. अंजर, संजय शर्मा, पूर्वी, सोनिका, हर्षित, पारुल कुमार, महिमा मंगल, चन्दना दीक्षित, देवेश भारद्वाज, नवनीत मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर। भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में पदक लेकर लौटे छात्र-छात्राएं।**

# अहलावत क्रिकेट अकादमी में देहरादून की रोमांचक जीत

■ मेरठ को एक विकेट से हराकर पायी शानदार जीत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अहलावत क्रिकेट अकादमी में खेले गए हाई-वोल्टेज महिला क्रिकेट मुकाबले में देहरादून टीम ने मेरठ को बेहद रोमांचक अंदाज में 1 विकेट से हरा दिया। आखिरी गेंद तक चले इस मुकाबले ने दर्शकों को सीटों से बांधे रखा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाए। टीम की ओर से शैलजा यादव ने शानदार 50 रन की पारी खेली और पारी को संभाला। अन्वी नैवाल ने 31 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जबकि नंदिनी कौशिक ने 18 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।देहरादून की ओर से अंजलि बिष्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके।

धारा रावत ने 2 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी देहरादून टीम की शुरुआत खराब रही और शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए। इसके बाद कप्तान सोना बडोला ने जिम्मेदारी संभालते हुए नाबाद 78 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अंकिता बिष्ट (19 रन) के साथ अहम साझेदारी कर टीम को संभाला। अंतिम ओवरों में मुस्कान राणा (9 रन) और भूमिका जलाल (8 रन) ने उपयोगी योगदान दिया। मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया और आखिरकार तमन्ना ने संयम दिखाते हुए टीम को 1 विकेट से जीत दिला दी।

मेरठ की ओर से मुक्ता चौधरी और मनीषा ठाकुर ने 2-2 विकेट लेकर मैच को आखिरी समय तक रोचक बनाए रखा। यह मुकाबला महिला क्रिकेट में संघर्ष, धैर्य और टीम वर्क का शानदार उदाहरण साबित हुआ। सोना बडोला (78'), शैलजा यादव (50), अंजलि बिष्ट (3 विकेट) और अन्वी नैवाल (31) ने अपने प्रदर्शन से मैच को यादगार बना दिया।

# पुरकाजी में भाजपा की जन आक्रोश रैली में उमड़ा जनसमूह

**पुरकाजी।** पुरकाजी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर ने मुख्य अतिथितियों का धार्मिक मूर्ति देकर सम्मान किया। कार्यक्रम मे भारी जन समूह देखकर अतिथि काफ़ी खुश नजर आए।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी को लेकर विपक्ष ने विरोध किया है। जबकि सरकार इस बिल को लागू करना चहाती है। विपक्ष महिला विरोधी है। इसको लेकर महिलाओं में आक्रोश है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि यह सरकार गरीब लोगों को समर्पित है, इस सरकार ने गरीबों के लिए जनकल्याणकारी योजना चलाई हुई है।भाजपा ने महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए उनकी लड़ाई लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम का संचालन हरिराम सक्सेना ने किया। इस दौरान सुनील प्रमुख,निर्दोष जैन, संदीप गोयल, निसार सभासद,डा रणजीत गोरसी,केपी सिंह,राज. कुमार प्रधान, नवीन रेवती रमण, भानु शर्मा,राजू राठी,महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु सिंघल,भावना खुल्लर समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने झटका स्वर्ण व रजत पदक

**मुजफ्फरनगर।** एलएनसीटी भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जु-जित्सु (पुरूष एवं महिल) वर्ग की प्रतियोगिताओं में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर का प्रतिनिधित्व करते हुये श्रीराम कॉलेज,के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता में जु-जित्सु महिला एवं पुरूष वर्ग के मैच खेले गये। पुरूष वर्ग में नवाजा स्टाईल में श्रीराम कॉलेज, के बीपीएड द्वितीय वर्ष के छात्र सतीश ने -94 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक तथा बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विनेश राणा ने +94 किग्रा भारवर्ग में कास्यं पदक प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग की फाइटिंग स्टाईल में +94 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विनेश राणा ने स्वर्ण पदक तथा बीपीएड प्रथम वर्ष के छात्र अनुज बर्मन ने -62 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। वही पुरूष वर्ग के कांटेक्ट स्टाइल मे बीपीईएस के प्रथम वर्ष के छात्र विक्की ढांगर ने -85 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण, बीपीएड द्वितीय वर्ष सतीश कुमार ने -94 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण तथा एमपीएड प्रथम वर्ष के छात्र मो0 आसिम ने -77 किग्रा भारवर्ग में कास्यं पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग की फूल कांटेक्ट स्टाइल में बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रुतिपाल ने -45 किग्रा भार वर्ग में कास्यं पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर कॉलेज लौटी टीम का उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उप-प्राचार्य डा सौरभ मित्तल ने जु-जित्सु खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, उप-प्राचार्य डा सौरभ मित्तल, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज की प्रवेश समन्वयक नीतु सिंह, बाहय प्रवेश समन्वयक कपिल धीमान, बीबीए विभाग के विभागाध्यक्ष विवेक कुमार त्यागी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेड़ा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है, जब युवक किसी काम से मोटरसाइकिल द्वारा जानसठ जा रहा था।

सम्भलहेड़ा के मोहल्ला महमूदपुर निवासी ;षिपाल का पुत्र सोहनवीर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर से जानसठ के लिए निकला था। जैसे ही वह तालडा मोड़ स्थित ऐरन धर्म कांटे के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोहनवीर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जानसठ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ङ्कसीएचसीऋ जानसठ में भर्ती कराया। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। परिजन गंभीर हालत में सोहनवीर को लेकर मेरठ स्थित सुभारती मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# चार साल के संघर्ष के बाद अटाली के प्रदीप कश्यप बने यूपी पुलिस में सिपाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव अटाली ने एक और लाल को वर्दी पहनाकर जिले का नाम रोशन किया है। गांव निवासी बीर सिंह कश्यप के पुत्र प्रदीप कश्यप का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन हुआ है। चार साल की लगातार मेहनत व कई असफलताओं के बाद मिली इस सफलता से पूरे गांव में जश्न का माहौल है। एसएससी जीडी भर्ती में वह अंतिम मेरिट तक पहुंचे लेकिन कुछ अंकों से चयन से चूक गए। इसके बाद दिल्ली पुलिस भर्ती में भी उन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा पास की, मगर अंतिम सूची में नाम नहीं आ सका। चयन के बाद उन्हें पीलीभीत जिले में पहली तैनाती मिली है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वह जल्द ही डयूटी ज्वाइन करेंगे। प्रदीप के चयन की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पिता बीरसिंह कश्यप की आंखें गर्व से भर आईं। ग्रामीणों ने घर पहुंचकर परिजनों को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदीप की सफलता गांव के उन तमाम युवाओं के लिए मिसाल है जो संसाधनों की कमी और असफलता के डर से हिम्मत हार जाते हैं। प्रदीप की कहानी साबित करती है कि लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। बार-बार गिरकर उठने वाले ही एक दिन मंजिल तक पहुंचते हैं। अटाली गांव अब प्रदीप की वर्दी वाली तस्वीर पर गर्व कर रहा है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शान आलम व पुत्रवधू श्रीमति गुलिस्ता पत्नि शान आलम मेरे कहने सुनने से कतई बाहर है। इन दोनों से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता किसी भी प्रकार का नही है। मै शान आलम व उसकी पत्नी गुलिस्ता को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। ये दोनों अपने खुद के जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**शराफत पुत्र श्री शेर अली**
**निवासी ग्राम चौरावाला**
**थाना ककरौली**
**तहसील जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# अब जाग चुकी है नारी शक्ति अपने अधिकार छीनने वालों को देगी जवाब: कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कूकड़ा मण्डल द्वारा आयोजित 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मातृशक्ति के साहस, जागरूकता एवं अपने अधिकारों के प्रति उनकी ख्रढ़ प्रतिब)ता की सराहना की।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सपा-कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उन्हें महिला विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णय का विरोध कर इन दलों ने अपनी संकीर्ण और महिला-विरोधी सोच को एक बार फिर उजागर किया है। यह विरोध देश की आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा, ह्जो दल महिलाओं के अधिकारों का विरोध करते हैं, वे कभी भी समाज के विकास के पक्षधर नहीं हो सकते।

ह्नारी सम्मान और सुरक्षा के बिना किसी भी सशक्त राष्ट्र की कल्पना अधूरी है।

उन्होंने कहा कि आज देश की नारी शक्ति पूरी तरह जागरूक, संगठित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर तैयार है। अब नारी शक्ति किसी भी प्रकार के अन्याय को सहन करने वाली नहीं है।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आगे कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गर्ग, जिला उपाध्यक्ष श्रीमतीश्वेता कौशिक, मण्डल अध्यक्ष अमित शास्त्री सभासद नवनीत गुप्ता जी, सभासद प्रशांत गौतम जी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हथियार तस्करी का भडाफोड़, चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने काली नदी पुल के पास घेराबंदी कर चार सक्रिय तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलीम, अनस, नदीम और आरिस के रूप में हुई है। उनके कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल, दो खाली मैगजीन, पांच देसी तमंचे, बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस और लेनदेन में इस्तेमाल हो रही नकदी बरामद की गई है।एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस को चरथावल रोड पर न्याजुपुरा के पास एक खाली प्लर्क्टिंग में हथियारों के सौदे की सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर सहायक पुलिस अधीक्षक और प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह शहर में मांग के अनुसार अवैध असलहों की आपूर्ति करता था। कुछ आरोपियों ने हथियार बेचने की बात कबूली, जबकि कुछ ने इन्हें शौक और रसूख के लिए खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, आरोपी बाहरी इलाकों से सस्ते दामों पर हथियार खरीदकर यहां ऊंचे दामों पर बेचते थे।

पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस रैकेट के मुख्य सरगना की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं।

# नाग नागिन का जोड़ा निकलने से दहशत

**पुरकाजी।** पुराने गुप्ता चार्ट भंडार में नाग नागिन का जोड़ा निकलने से डर का माहौल बन गया जिसकी सूचना तुरंत ही वन विभाग को दी गई पुरकाजी बाईपास पर गुप्ता चाट भंडार के स्वामी ब्रजकिशोर गुप्ता के यहां 9 फीट लंबा नाग नागिन का जोड़ा निकला नाग नागिन के जोड़े को देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सम्मन वास्ते करारवाद, उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी बुढाना, मु.नगर वाद सं.- T- 202609550304682 सन 2026 श्रीमती कुसुम बनाम संजीव कुमार आदि 1. श्रीमति कुसुम पत्नी रामनिवास निवासी ग्राम डूंगर परगना कांधला तहसील बुढाना जिला मु.नगर प्रार्थी / वादी बनाम 1. संजीव कुमार पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम परासौली परगना कॉधला तहसील बुढाना जिला मु.नगर 2. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी मु.नगर 3. ग्राम पंचायत परासौली द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत / ग्राम सभा ग्राम परासौली परगना कॉधला तहसील बुढाना जिला मु.नगर अन्तर्गत धारा 134 (1) उ.प्र.रा. संहिता 2006 मौजा परासौली में दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो 30 माह 04 सन 2026 ई. वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमें हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जबाबदेही दावा करें और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जबाबदेही की ताईद से इस्तेमाल करना चहाते हों पेश करें अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर मसमूह फैसला होगा। वरक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 27 माह 04 सन 2026 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी बुढाना**
**( मु.नगर )**

**सम्मन इस्तहारी**

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, वाद संख्या- T-202509550309884, सन 2025, 1- रविन्द्र कुमार, 2- जसविंद्र पुत्रगण हरपाल सिंह निवासीगण ग्राम खेड़ीगनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर, बनाम, 1- अनंगपाल 2- ब्रजवीर सिंह पुत्रगण भोपाल सिह, 3- उदयवीर 4- राजबली पुत्रगण जयपाल 5- ओमपाल, 6-देशपाल, 7- नरेश कुमार 8- रतनपाल पुत्रगण सत्यपाल सिंह, 9- नीरज मलिक पुत्र ओमवीर सिंह, 10 विनीत मलिक पुत्र ओमवीर, 11- सूर्या मलिक पुत्र प्रदीप समस्त निवासीगण ग्राम खेड़ी गनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर 12- ग्राम पंचायत खेडी गनी द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत खेडी गनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर, प्रतिवादी गण धारा-116 यूपीआरसी 2006, मौजा- खेडीगनी, दरगाह वादी ने आपके नाम उपरोक्त वाद वास्ते खाता तकसीम दायर किया है लिहाजा आपको हुकम होता है कि तारीख 29 के जो माह 4 सन 2026 ई. समय 10 को आप असलामत या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से कर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुसलिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और साक्ष्य हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसका शहादत पर निजी तमाम दस्तावेज को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। अगर बजोर मजकूर अजाहिर न होंगे मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा। परवाना मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज दिनांक 23 माह 4 सन 2026 को जारी किया गया है।

**आज्ञा से- न्यायालय,**
**उपजिलाधिकारी बुढाना।**

# अंतर्राष्ट्रीय शायर नज्म मुजफ्फरनगरी ने लूटी वाहवाही

**मुजफ्फरनगर।** हिंदी उर्दू कारवां अकादमी दिल्ली ने आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयशा न्यूज़िक स्टूडियो दिल्ली में गुज़िशता शब कराया गया, जिसकी सदारत जनाब अरूण शर्मा ने की, मुशायरा व कवि सम्मेलन का आग़ाज़ जनाब काशिफ़ की नाम पाक से हुआ और निज़ामत के फ़राइज़ भी जनाब काशिफ़ ने ने अन्जाम दिए, नज्म मुज़फ्फरनगरी ने अपनी शायरी में कहा...... मेरी तस्वीर ख्यालों में सजा कर रखना मुझको अहसास की सांसों में बसा कर रखना मैं गुज़र जाऊंगा उड़ते हुए बादल की तरह तुम मेरी याद की ख़ुशबू को बचा कर रखना क़ैद लफ़्ज़ों की तरह बन्द किताबों में रहा वो मुसन्निफ़ था मगर कितने अज़ाबों में रहा, उसका चेहरा मेरी आंखों की किताबों में रहा दूर हो



कर भी हमेशा मेरे ख़्वाबों में रहा,आलम ए बाला पे जब जाता हूं मैं दो जहां का शाह कहलाता हूं मैं इश्क़ की आग़ोश में हो कर फ़ना ख़ुद जमाल ए यार बन जाता हूं।दुनिया की गर्दिशें दुनिया की गर्दिशों को डराते रहेंगे हम,एक महकता हुआ गुलाब हो तुम ख़ूबसूरत हो लाजवाब हो तुम खो गए तुम तो जी न पाऊंगा ज़िन्दगी की मेरी किताब हो तुम आज फिर चांद क्यूं नहीं निकला ऐसा लगता है बेनकाब हो तुम एक नशा है तुम्हारी उल्फ़त का कितनी मस्ती भरी शराब हो तुम।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पिता स्व0 **फैजल अली** उर्फ **फजल अहमद** पुत्र फैय्याज निवासी सुजड़ू, मु0 नगर का नाम गलती से कागजात माल में फैजल अली चला आ रहा है। जबकि मेरे पिता को उक्त दोनों नाम से जाना जाता था। शुद्धिकरण हेतु पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**खिलाफत अली पुत्र फैजल अली उर्फ फजल अहमद**
निवासी खालसा पट्टी, म.नं.- 620, सुजड़ू, मुजफ्फरनगर।

# सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुरुप हो सीटों का परिसीमन: महमूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के निर्वतमान जिला अध्यक्ष हकीम जफर महमूद ने एक प्रेस ब्यान में मांग की है कि लोकसभा एवं विधानसभाओं की सीटों का परिसीमन सच्चर कमेटी की स्फ़िारिशो के अनुरूप ही होना चाहिए ताकि मुस्लिम हितों की अनदेखी न हो।

हकीम जर महमूद ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में मुसलमान के सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक पिछड़ेपन के अध्ययन के लिए बनाई गई सच्चर कमेटी ने सन 2006 में जारी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि चुनाव क्षेत्र की परिसीमन प्रक्रिया में इस बात का ध्यान रखना रखा जाना चाहिए कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र को अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित न किया जाए। सच्चर कमेटी की स्फ़िारिशो की समर्थक सेकुलर राजनीतिक पार्टियों को आगामी प्रस्तावित परिसीमन पर सच्चर कमेटी की स्फ़िारिशों के अनुरुप स्टैंड लेना चाहिए। यदि इस मुद्दे पर चुप्पी साधी गई तो मुसलमानों के लिए विधानसभा एवं लोकसभा में पहुंच पाना मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि नगीना में 22 परसेंट अनुसूचित आबादी हैं इसलिए सरकार द्वारा प्रस्तावित परिसीमन को सच्चर कमेटी की स्फ़िारिश के अनुरूप करने की मांग सेकुलर दलों और जागरूक मुस्लिम संगठनों को करनी चाहिए।

# रेलवे ने तोड़ा करोड़ो का विकास, पूर्व सभासद धरने पर बैठे

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के कार्यकाल में नई मंडी क्षेत्र में रेलवे लाईन से सटे कराये गये खूबसूरत विकास कार्य पर रेलवे विभाग ने बुल्डोजर चलाकर यहां स्थापित करायी गई खूबसूरत प्रतिमाओं को बिस्मार कर दिया। जिससे लोगों में रोष फैल गया। यहां पूर्व सभासद विपुल भटनागर सहित अन्य लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने इस मामले से राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गंदे नाले को बंद कराकर राज्यमंत्री कपिल देव व सांसद रहे संजीव बालियान ने लोगों को गंदगी से निजात दिलाने के लिए विकास कराये थे। लेकिन रेलवे ने विकास के नाम पर इसे तोड़ दिया है जो गलत है।

# मृतक गौवंश की दुर्दशा पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मृतक गौवंश के शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार न करने व शव को खुले में छोड़ने देने पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा रोष प्रकट करते हुए मोरना चौकी पर धरना देकर प्रदर्शन किया गया।समस्या के निस्तारण के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।



भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में बिहारगढ़ मार्ग किनारे स्थित मृत पशु निस्तारण स्थल (हड़वाड़े) में मृत गौवंश के शव को डालकर खुला छोड़ने व शव का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार न करने पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट किया गया। इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा गौकशी होने व गौमांस की बिक्री होने की सूचना पुलिस को दी गयी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।इस दौरान कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच नोकझोंक भी हो गयी।जिसके बाद बजरंग दल के जिला संयोजक रवि कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय गौ रक्षक दल, छत्रपति शिवाजी सेना के कार्यकर्ता मोरना चौकी के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।जहां पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने मामले की जानकारी की।पुलिस द्वारा जेसीबी की सहायता से मृतक गौ वंश के अवशेष को मिटी में दबाया गया।बजरंग दल के रवि कुमार ने बताया कि गौवंश के शव का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार किया जाए। गौवंश की दुर्दशा को बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस दौरान हिन्दू संगठन के आकाश,मोहित, निखिल, दीपक, सन्दीप,मोहित, निशांत, शशांक गोयल, अमित, अर्णव, सौरव, नितिन, विजय, पवन,प्रिंस राठौर, सन्नी नायक, अंकुश राठौर, सन्नी राठौर, मयंक राठौर, विकास राजपूत, शुभम राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा अरुण पाल आदि मौजूद रहे।

# टेलीकॉम की दुकान चलाकर की पढ़ाई




**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला ने एक नई मिसाल कायम की है। गांव निवासी मोहम्मद जमशेद का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। जमशेद की यह सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने तमाम आर्थिक तंगी और संघर्ष के बीच यह मुकाम हासिल किया है। जानकारी के अनुसार जमशेद और उनके बड़े भाई मोहम्मद नईम गांव में ही एक छोटी सी टेलीकॉम की दुकान चलाते हैं। दिन भर दुकान की जिम्मेदारी संभालने के बाद रात रात भर जागकर दोनों भाई पुलिस भर्ती की तैयारी करते थे। संसाधन सीमित थे, हालात मुश्किल थे, लेकिन हौसले बुलंद थे। दोनों ने हार नहीं मानी और एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते रहे। कड़ी मेहनत का नतीजा रहा कि जमशेद ने इस बार यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर ली। वहीं बड़े भाई नईम का इस बार चयन नहीं हो सका लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है। नईम अब भी पूरी लगन से तैयारी में जुटे हैं और उनका लक्ष्य है कि जल्द ही वह भी वर्दी पहनकर देश सेवा करें। जमशेद के चयन की खबर मिलते ही परिवार में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। ग्रामीण भी घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि जमशेद ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं। जमशेद व नईम की कहानी क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। सीमित आमदनी व दुकानदारी के बीच समय निकालकर पढ़ाई करना और सफलता पाना आसान नहीं था। लेकिन दोनों भाइयों ने दिखा दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो राहें खुद बन जाती हैं। ग्रामीणों ने नईम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही जौला गांव से दो दो भाई यूपी पुलिस की वर्दी में नजर आएंगे।

# बालाजी रथ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई। भव्य बालाजी रथ यात्रा ने इस बार पूर्व के सभी रिकार्ड तोड़ दिए। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। कई भक्तों ने श्रद्धा के साथ पैदल चलकर बाबा का रथ खींचा। यात्रा के दौरान राजीव गोयल गुरुजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कलयुग में भूत-प्रेत बाधाओं और संकटों से मुक्ति के लिए बालाजी महाराज की पूजा अत्यंत प्रभावी मानी जाती है। उन्होंने खाटू श्याम जी की महिमा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि निराश और परेशान भक्तों को उनके दरबार में सहारा मिलता है। पूजन-अर्चना के बाद बालाजी महाराज की प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे कस्बे में निकाली गई। यह यात्रा देर रात करीब 3 बजे पुनः बालाजी धाम पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल दस (10) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, पानीपत, पटौदी रोड, सब्जी मंडी, गुड़गांव रेलवे स्टेशन।

ख) **कुल तैंतालीस (43) ट्रॉलीः** आनंद विहार टर्मिनल, बादली, बल्लभगढ़, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद नया शहर, गढ़ी हरसरू, जाखल, जींद, मुजफ्फरनगर, जुलाना, नरेला, खेकड़ा, मानसा, मेरठ सिटी, नांगलोई, नरवाना, नोली, ओखला, पालम, शकूरबस्ती, शामली, टपरी, टोहाना, तुगलकाबाद, विवेक विहार, असावती, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली सफदरगंज, देवबंद, खतौली, मंगोलपुरी, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, परतापुर, सकौती टांडा, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन।

ग) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, पानीपत, नरेला, बादली रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

घ) एनएसजी 1, 2, 3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, गनौर, बादली, सब्जी मंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।

ङ) प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं: विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

C. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

D. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

E. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.05.2026, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।

सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/ Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है। 1418/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हुसैनाबाद भनवाड़ा की बेटी निशा ने रचा इतिहास

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के हुसैनाबाद भनवाड़ा गांव ने आजादी के बाद पहली बार ऐसा इतिहास रचा है जिसने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। जिस गांव में 1947 से 2024 तक कोई भी युवा यूपी पुलिस या अन्य राज्य की पुलिस में भर्ती नहीं हो सका था उसी गांव की बेटी निशा ने तमाम बाधाओं को तोड़कर यूपी पुलिस में सिपाही बनकर मिसाल कायम की है। हुसैनाबाद भनवाड़ा गांव में शिक्षा का अभाव हमेशा से रहा है। यहां बच्चों के भविष्य को लेकर लोगों की सोच नकारात्मक रही। बैल्ट की नौकरी की तैयारी करने वाले युवाओं को अक्सर गांव वालों के ताने सुनने पड़ते थे। लेकिन निशा ने गरीबी, पिता के साये के अभाव और समाज की नकारात्मक सोच के बीच संघर्ष की नई इबारत लिख दी। प्रतियोगिता और बढ़ती बेरोजगारी के इस दौर में निशा ने एक नहीं बल्कि दो दो सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल की। समाज सेवा का जज्बा लेकर उन्होंने अंततः यूपी पुलिस को चुना। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अब निशा को संभल जिले के अंचोड़ा कंबोज थाने में पहली तैनाती मिली है। निशा के पिता पोस्टमैन थे जिनका साया कई साल पहले ही सिर से उठ गया था। घर की माली हालत बेहद खराब थी। 4 भाइयों में दो भाई मजदूरी करते हैं और दो भाई नौकरी की तैयारी में जुटे हैं। एक



बहन की शादी हो चुकी है। ऐसे हालात में निशा ने परिवार की दशा दिशा बदलने का बीड़ा उठाया और दिन रात मेहनत कर अपना लक्ष्य हासिल किया। निशा की सफलता से परिजनों में जश्न का माहौल है। जो गांव वाले कभी ताने देते थे आज वही सोशल मीडिया पर निशा को बधाइयां दे रहे हैं। गांव के युवाओं के लिए निशा अब प्रेरणा बन चुकी है। निशा बचपन से ही पढ़ने में मेधावी थी। उसकी शुरुआती शिक्षा गांव के ही सदु शाह पब्लिक स्कूल से हुई। शिक्षकों का कहना है कि निशा शुरू से ही अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित थी। निशा की यह उपलब्धि साबित करती है कि हालात चाहे जैसे भी हों अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा की इस बेटी ने पूरे बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

# मोरना ब्लॉक् में साप्ताहिक मीटिंग का आयोजन

**मोरना।** खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को एक मीटिंग का आयोजन किया गया इसमें ब्लॉक क्षेत्र के सभी ग्राम सचिव तथा मतदाता पुनरीक्षण अभियान में कार्यरत सभी सुपरवाइजर्स ने भाग लिया जहां अधिकारियों द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ ही ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई

सहायक विकासखंड अधिकारी योगेश दत्त त्यागी ने बताया कि साप्ताहिक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें हीट वेव के चलते ग्राम पंचायत में लगे सभी हैंडपंप की स्थिति का विशेष रूप से जायजा लेने हैंडपंप के पानी की जांच करने ,उस पर छाया की व्यवस्था तथा खराब होने पर उसकी रिपेयरिंग आदि सहित ग्राम पंचायतों में जारी विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई वह उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों के संबंध में जानकारी दी गई वह डी डुप्लीकेशन अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के संबंध में सुपरवाइजर को विशेष जानकारी दी गई जिसमें एक मतदाता नाम के अनेक व्यक्ति होने पर मतदाता की विशेष पहचान बनाने ,नाम संशोधन आदि जानकारी दी

# ब्रह्मलीन स्वामी सोमदत्त महाराज की 17वीं पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मुजफ्फरनगर पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्रीराम आश्रम में मंगलवार को ब्रह्मलीन स्वामी सोमदत्त महाराज की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान हवन यज्ञ भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों को भोजन प्रसाद कराया गया है।

श्रद्धांजलि सभा में हनुमद्धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सोमदत्त महाराज उच्च कोटि के संत थे।जिन्होंने अपना जीवन लोगों को ज्ञान देने में लगा दिया। जिन्होंने आश्रम में गौशाला का निर्माण कराया तथा जीवन भर गायों की सेवा की। वह गऊ माता को उनका नाम लेकर आवाज लगाते थे। ऐसे महापुरूष को हमें शत शत नमन करना चाहिए। सभा में महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद महाराज ने कहा कि हमें संतों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज स्वामी हरिशंकर महाराज, ट्रस्ट के सचिव कंवर सैन गोयल, पूर्व सभापति विनोद कुमार शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री डा. पुरुषोत्तम, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, व्यापारी नेता



श्रीमोहन तायल ने भी संबोधित किया। इससे पहले भक्तों एवं संतों ने स्वामी जी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें शत शत नमन किया। कार्यक्रम में बाबू देवी सिंह, कटार सिंह, यशवीर सिंह मुखिया, हिमांशु, विजय कुमार, मोहित वैदिक, आचार्य गौरव, राधेश्याम आदि मौजूद रहे। इस दौरान हवन यज्ञ भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों को भोजन प्रसाद कराया गया है।

# श्रद्धालुओं का जत्था चुलकाना धाम रवाना

## अखिल भारतीय व्यापार मंडल ने कराया दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड इकाई बुढ़ाना के द्वारा कई श्रद्धालुओं के लिए चुलकाना धाम मंदिर दर्शन के लिए एक विशेष डीलक्स बस का संचालन किया गया। नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के मार्ग निर्देशन में सुबह 07 बजे यह डीलक्स बस पारसी बस अढे से चुलकाना धाम के लिए रवाना हुई। चुलकाना धाम पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान मंदिर के पंडित सचिन गोस्वामी ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और मंदिर के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि की कामना की। दर्शन यात्रा में अमित गर्ग, मास्टर ईश्वर, बलवीर प्रजापति, बबीता, अजय मलिक, सविता, परी, कविता, साक्षी, बबली, काजल, मुनेश और शालिनी देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। सभी ने व्यापार मंडल की इस धार्मिक पहल की सराहना की। नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि व्यापार मंडल समय समय पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करता रहता है। धार्मिक यात्राओं से आपसी भाईचारा और सद्भाव भी बढ़ता है। भविष्य में इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे। यात्रा सफल बनाने में व्यापार मंडल के कई पदाधिकारियों का योगदान रहा। श्रद्धालुओं ने कहा इन धार्मिक यात्राओं से मन शांत रहता है।

# 'मैं नारी हूँ हार मानना नहीं जानती : शालू सैनी

**मुजफ्फरनगर।** जहां एक ओर समाज में महिलाएं आज भी कई चुनौतियों से जूझ रही हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ बेटियां अपने हौसले और जज्बे से नई मिसाल कायम कर रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है क्रांतिकारी शालू सैनी की, जिनके शब्द ही नहीं बल्कि उनका जीवन संघर्ष और आत्मविश्वास की जीवंत मिसाल बन चुका है। मैं नारी हूँ, सोच रखती हूँ कुछ नया कर दिखाने की ये सिर्फ पंक्तियां नहीं, बल्कि शालू सैनी की जिंदगी का सार हैं। उनके भीतर कुछ कर गुजरने का जुनून है, जो हर मुश्किल को चुनौती देता है। वे कहती हैं कि उनके अंदर इतना हौसला है कि किसी भी परिणाम को अंजाम तक पहुंचा सकती हैं और नामुमकिन को भी मुमकिन बना सकती हैं। शालू सैनी की जिंदगी आसान नहीं रही। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। वे खुद स्वीकार करती हैं कि दर्द तो बहुत सहा, लेकिन उसे अपनों तक कभी पहुंचने नहीं दिया। यही उनकी असली ताकत है, खुद टूटकर भी दूसरों को संभालना। उनका संघर्ष सिर्फ हालातों से नहीं, बल्कि किस्मत से भी रहा। उन्होंने हर बार मुश्किलों को चुनौती दी और खुद को हारने नहीं दिया। उनका मानना है कि नारी कमजोर नहीं होती।

# उमरपुर में 150 फीट ऊंची पानी की टंकी पर जानलेवा स्टंट

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी जानलेवा स्टंट का अढा बन गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में दो युवक करीब 150 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़कर 25 फीट गहरे पानी में छलांग लगाते नजर आ रहे हैं। बाइक और कार स्टंट के बाद अब पानी की टंकी में जान से खिलवाड़ का यह नया तरीका सामने आया है। वायरल वीडियो में दो युवक टंकी के ऊपर से पानी में कूदते और नहाते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद से ही काफी ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बुढ़ाना पुलिस समय समय पर स्टंटबाजों पर कार्रवाई कर रही है फिर भी स्टंट रुकने का नाम नही ले रहा। बुढ़ाना पुलिस इन स्टंटबाजों पर क्या कार्रवाई करती है अब यह देखने वाली बात है।

उधर ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की टंकी पूरी तरह से खुली पड़ी है। यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदार कौन होगा? वीडियो वायरल होने के बाद जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार गांवघ उमरपुर में पहुंचे और टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रथम ख्रष्टया वायरल वीडियो करीब एक वर्ष पुरानी है। टंकी के ऊपर का ढक्कन खुला है जिसे नई निर्माण कंपनी 2 दिन में बंद करने का आश्वासन दे चुकी है। गांव में पाइपलाइन में लीकेज ज्यादा होने की वजह से टंकी अभी तक भी ग्राम प्रधान को हैंड ओवर नहीं की गई है। करीब 2 माह में कार्य पूरा होने के बाद टंकी ग्राम पंचायत को सौंप दी जाएगी। तब तक इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की है। उधर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुली टंकी को तुरंत सील किया जाए और स्टंट करने वाले तीनों युवकों को चिह्नित कर सख्त से सख्त कार्रवाई हो ताकि कोई फिर इस तरह का दुस्सहास ना कर सके। फिलहाल बुढ़ाना पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर दोनों युवकों और वीडियो बनाने वाले तीसरे युवक की पहचान करने में जुट गयी है।

# होली चाईल्ड पब्लिक स्कूल में बाल साहित्य कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में विद्यार्थियों के लिए 'बाल साहित्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों साहित्यकार डॉ0 कुबेरदत्त कौशिक, डॉ0 अ0 कीर्तिवर्धन अग्रवाल, रामकुमार रागी, पंकज शर्मा एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

डॉ0 अ0 कीतिवर्धन ने कहा कि जो भी मन के भाव हो उन्हें आप कागज पर उतारे, आप अपनी कल्पना से जो भी लिखे, उसे आपको लिखने की आदत पडी जायेगी। पहले सुनो, लिखो और पढो, आप अपने शब्दों की कुंजी से लिखकर ही कहानी, कविता, जीवनी, संस्मरण लिख




सकते है। चिडियों की चहचाहट कविता है, तपती धूप में जो किसान फसल काट रहा है वही कविता है, आप अपने मन के भावों को जब कागज पर उकेरेगें तो वही आप नकारात्मक या सकारात्मक विचारों से लेखन प्रवृत्ति को समाज के सामने उजागर कर सकेगें। आपकी दिनचर्या की घटनाओं को लिखना ही आपकी लेखन प्रवृत्ति को विकसित कर सकता है। यदि आप अपने विचारों को लिखने की कोशिश करते है तो लिखने की यही कला आपको श्रेष्ठ बना देगी। आपको अपने शब्दों को विस्तार करते हुए अपने उत्तर को लिखो, तभी आप सर्वश्रेष्ठ उत्तर लिख पायेगें। डॉ0 कुबरेदत्त कौशिक ने कहा कि लेखन साहित्य एक शब्द है, जिसके अन्दर हित छिपा है और हितकारी है, वही साहित्य है, सबसे बडा समाज सुधारक साहित्यकार है। कहानी लिखने के लिए स्वयं संवेदनशील बने, दुख के भाव मन में आते है उसे ही संवेदनशीलता कहते है। आप कागज, कलम उठाओं तो सही, तीन शब्द है - व्यंगय, कटाक्ष और निन्दा। ये ही समाज में ज्यादा व्याप्त है। आप दोपहर के लंच के बाद शाम के समय कलम उठाकर आज के कार्यक्रम के ऊपर आप लिखोगे तो वह संस्मरण बन जायेगा और जब चार पांच दिन बाद पढोगे तो आपको उसी में आनन्द की अनुभूति होगी। कहानी ऐसी विद्या है जो करूणा से भरी हो सकती है। जब आपके मन में विचार आयेगें तो वही कहानी संस्मरण, जीवनी या निबन्ध बन जायेगा। पंकज शर्मा ने कहा कि

# बीईओ ने कंपोजिट स्कूल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** खंड शिक्षा अधिकारी बुढाना किरण यादव ने मंगलवार को कंपोजिट स्कूल डूंगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाएं, शिक्षण कार्य व अभिलेख पूरी तरह से दुरूस्त मिले। बीईओ किरण यादव के स्कूल पहुंचने पर यहां समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में नामांकित 193 बच्चों में से 179 बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थिति प्रतिशत सराहनीय पाया गया। किरण यादव ने नवीन नामांकन, यू डायस प्लस, मिशन प्रेरणा, शिक्षण कार्य व सभी आवश्यक प्रशासनिक दस्तावेजों का बहुत बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सभी निरीक्षण बिंदु सकारात्मक मिले। निरीक्षण के



दौरान मिड डे मील की गुणवत्ता और शिक्षण कार्य की भी जांच की गई।

दोनों ही व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप उत्तम पाई गई। बच्चों से बातचीत कर उनके शैक्षिक स्तर को भी परखा गया। बीईओ किरण यादव ने समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाएं बहुत ही सराहनीय हैं। उन्होंने नए सत्र में नामांकन बढ़ाने के साथ साथ प्रशासनिक कार्यों को और अधिक बेहतर करने के लिए स्टाफ को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद और समस्त स्टाफ ने बीईओ किरण यादव के सभी सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। कुल मिलाकर निरीक्षण में सब सही पाया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पारदर्शी व नकलविहीन होगी परीक्षा:एडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और केंद्र प्रभारी शामिल हुए। अधिकारियों को आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक स्तर पर सख्ती बरतने और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में कुल 5133 अभ्यर्थी शामिल होंगे।



परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्र की सुरक्षित आपूर्ति और केंद्रों पर प्रतिबंधित वस्तुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा 03 मई को प्रथम पाली में 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक आयोजित होने वाली अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्राआप-2023)/08 की लिखित परीक्षा को पारदशी, नकलविहीन,एवं निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट,समस्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, समस्त केन्द्र व्यवस्थापक एवं समस्त केन्द्र प्रभारी, की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला. धिकारी ने अवर अभियंता को जनपद में निर्धारित 12 परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शी, नकलविहीन, एवं निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु सभी संबंधित को आयोग की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक स्तर पर सतर्कता रखते हुए पूरी मुस्तैदी के साथ उक्त परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर कड़े निर्देश दिये। बैठक में अपर ने सभी संबंधित को अपने-अपने सेंटर का भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे आदि सभी व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित किया कि जो भी दायित्व दिए गए हैं उसके अनुसार समय से सभी प्रक्रिया संपन्न हो यदि कहीं पर लापरवाही हुई तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने प्रश्न पत्र को ससमय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने आदि को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया गया।

बैठक में निर्देशित किया कि जो चीजें परीक्षा केन्द्र पर अनुमन्य नहीं है वो चीजें परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक रामपाल सिंह द्वारा परीक्षा के दृष्टिगत उपस्थित सभी संबंधित को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रबंधक रामपाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 03 मई (रविवार) को जनपद में निर्धारित 12 परीक्षा केन्द्रों पर 5133 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बैठक में समस्त एसडीएम सहित सभी संबंधी मौजूद रहें।

# स्वकर प्रणाली को लेकर नामित सभासदों ने एमएलसी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थाना भवन के नामित सभासद अशोक चावला एवं बिटटू प्रजा. पति ने बीजेपी एमएलसी मोहित बेनीवाल से मिलकर नगर पंचायत थाना भवन द्वारा बढ़ाए गए स्वकर के संबंध में एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास करते हुए ग्रहकर व जलकर में अत्यधिक वृद्धि कर दी गई है स उक्त वृद्धि का विरोध दर्ज कराने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा शासन आदेश का हवाला दिया जाता है जबकि नगर पंचायत अध्यक्षा कहती हैं कि अधिशासी अधिकारी ने स्वेच्छा से उक्त जलकर व गृहकर को लागू किया है उक्त वृद्धि के लिए दोनों लोग उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार बता रहे हैं।



नगर पालिका शामली में 10 पैसे प्रति वर्ग फुट के हिसाब से जलकर व ग्रहकर लगाया गया है जबकि नगर पंचायत थाना भवन में जलकर व गृहकर 60 पैसे प्रति वर्ग फुट प्रति मंजिल के हिसाब से लगाया गया है जिन दुकानो मकानो में पानी टंकी का कनेक्शन नहीं है उन पर भी जलकर लगाया जा रहा है स उन्होंने कहा कि नगर पंचायत थाना भवन में मध्यमवर्गीय गरीब व्यक्ति निवास करते हैं उक्त टैक्स लागू होने से आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा जिससे लोगों में पार्टी की छवि खराब हो रही है स नामित सभासदों ने बीजेपी एमएलसी मो. हित बेनीवाल से उक्त मामले का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी शामली से नगर पंचायत थाना भवन की पुनरू बोर्ड बैठक बुलाकर गृहकर व जलकर को नगर पालिका शामली से भी कम दर पर आदेशित कराने की मांग की।

## नाबालिक को ले जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मसाबी निवासी ब्रिजेश पत्नी राजू ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 26 अप्रैल को उसकी नाबालिक पुत्री को गांव का हीं एक युवक वहला फुसलाकर लेकर चला गया।

उस युवक की एक महीने पूर्व हीं शादी हुई है । उसकी पुत्री की उम्र 16 वर्ष है स थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# मवेशियों को चारा डालने को लेकर कहासुनी में बवाल, भाइयों ने लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आलखुर्द में मवेशियों के काम को लेकर हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। दो भाइयों पर अपने ही भाई को लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने का आरोप है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आलखुर्द निवासी मसरूफ पुत्र मुस्तफा उर्फ मुसरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी के साथ मवेशियों के चारे का काम करता है, जबकि उसके भाई अकबर और शुऐब सहयोग नहीं करते। आरोप है कि 25 अप्रैल की सुबह करीब छह बजे उसने दोनों से मवेशियों को चारा डालने और दूध निकालने में मदद करने के लिए कहा, जिस पर विवाद हो गया।पीड़ित के अनुसार, दोनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उसे कई टांके लगाने पड़े। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे बचाया। आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# वंदेमातरम चौक घोषित करने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने जिले के प्रमुख चौक को वंदे मातरम् चौक घोषित करने की मांग की।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि वंदे मातरम् का उद्घोष देशवासियों में अद्भुत ऊर्जा, देशभक्ति और समर्पण का भाव उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रमुख चौकों को वंदे मातरम् चौक के रूप में घोषित करने के लिए एक ज्ञापन 23 मार्च, शहीद दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर जिलाधिक. ारियों को भेजा गया था। विश्व हिंदू महासंघ की जिला इकाई शहर के व्यस्ततम चौक को वंदे मातरम् चौक के रूप में विकसित करेगी।



इसके अंतर्गत शहीदों के चित्र, तिरंगा ध्वज, यातायात संक. ेतक, भारत माता के चित्र और वंदे मातरम् गीत की पटिका लगाई जाएगी। इस परियोजना का उद्घाटन डीएम द्वारा किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से पंकज वालिया, प्रदीप, रविंद्र सिंह कालखण्डे, अरुण कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हीटवेव से बचाव को प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जनपद शामली में हीटवेव (लू) से बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली के आदेश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्येन्द्र सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी हीटवेव एडवाइजरी-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक हीटवेव के प्रभाव को कम करने के लिए समुचित एवं ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते की गई तैयारी ही जनहानि और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम कर सकती है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर हीटवेव न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाएं और जनपद की (हीटवेव कार्ययोजना-2026) तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराएं। इस कार्ययोजना में पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, सार्वजनिक स्थलों पर छायादार व्यवस्था, जागरूकता अभियान तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता जैसे बिंदुओं को शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आमजन को लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा, जिससे लोग दोपहर के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त पानी का सेवन करें। अपर जिला. धिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए हीटवेव से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाएं, ताकि जनपद में किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और सभी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करने के निर्देश दिए गए।

# दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार को मांगे आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तकरण अधिकारी शामली सुधीर कुमार ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वर्ष की भांति चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 3 दिसम्बर को आयोजित होने वाले (विश्व दिव्यांग दिवस) के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुल 12 श्रेणियों में पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं संबंधित अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 तक अपने प्रस्ताव तीन प्रतियों में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय, शामली (कमरा संख्या-01) में जमा कर सकते हैं। प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर आगे की कार्यवाही हेतु निदेशालय को भेजा जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए प्रमुख श्रेणियों में दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता एवं प्लेसमेंट एजेंसी, दिव्यांगजन के हित में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति एवं संस्था, प्रेरणास्त्रोत, नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, बाधामुक्त वातावरण निर्माण, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला, सृजनशील दिव्यांग वयस्क एवं बालक-बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, अनुकूल वेबसाइट, दिव्यांग खिलाड़ी तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी शामिल हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

# कृषि स्नातकों के लिए एग्रीजंक्शन योजना शुरू, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली प्रमोद कुमार ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में (एग्रीजंक्शन प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना) लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करते हुए किसानों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कृषि स्नातक एग्रीजंक्शन केंद्र स्थापित कर किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशी सहित अन्य कृषि सेवाएं (वन स्टॉप शॉप) के रूप में उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, इससे बेरोजगार कृषि स्नातकों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। सरकार द्वारा चयनित उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें बीज लाइसेंस शुल्क 1000 रुपये, उर्वरक लाइसेंस शुल्क 1250 रुपये, कीटनाशी लाइसेंस के लिए शहरी क्षेत्र में 7500 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1500 रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा, एक वर्ष तक किराए के परिसर पर अधिकतम 2000 रुपये प्रतिमाह की सीमा तक 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, बैंक ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 7.5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की भी व्यवस्था है। योजना के लिए उत्तर प्रदेश के निवासी कृषि स्नातक या कृषि एवं संब) विषयों (जैसे उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन आदि) में डिग्रीधारी अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं को अधिकतम 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। चयन में अधिक आयु (जन्म तिथि पहले) वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी उप कृषि निदेशक कार्यालय, शामली से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ 30 जून 2026 तक स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निद. ेशक कार्यालय, शामली से संपर्क किया जा सकता है।

## घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट

**शाह टाइइम्स संवादाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव जगनपुर में एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी केखिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम जगनपुर निवासी देवी सिंह पुत्र ब्रह्म सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर करीब 1रू30 बजे गांव का ही जेकी पुत्र केसो उनके घर में घुस आया और उन्हें तथा उनके बच्चों को गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, शोर सुनकर गांव के काला पुत्र सतपाल और कुलदीप पुत्र भूल्लन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। कैराना पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पउप्र को अलग राज्य बनाने की मांग को होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** फेडरेशन फॉर नई स्टेट के कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल माडी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अलग राज्य घोषित न करने से क्षेत्र के लोगों को अपेक्षित किया जाता है। एम्स हॉस्पिटल और हाईबोर्ड बैंच की स्थापना तक उक्त क्षेत्र में नही हो सकी है। जिस कारण यहां के लोगों को सैकडों किलोमीटर दूर दराज जाना पडता है।

मंगलवार को कस्बा बनत स्थित प्रमोद पटवारी के आवास पर फेडरेशन फॉर नई स्टेट के कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल माडी ने एक प्रेसवार्ता आयोजित की। जिसमें उन्होने कहा कि फेडरेशन द्वारा गत 14 और 15 फरवरी को उनके द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया था, जिसमें निर्णय लिया गया था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रदेश का अलग प्रदेश बनाने के लिए आन्दोलन किया जायेगा। पश्चिम को अलग प्रदेश बनाने की मांग उनकी लंबी समय से चल रही है। पश्चिम के कई जिलो को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घोषित कर दिया गया, लेकिन यहां के लोगों को एनसीआर वाली कोई सुविधा नही मिलती है।इसके लिए अब वह उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर प्रसार प्रचार कर रहे है और जल्द की आन्दोलन की रूप रेखा तैयार करेगी। उन्होने 23 जिलों का दौरा किया औश्र 15 संगठनों का अभी तक सहयोग मिल चुका है। उन्होने कहा कि वह सुहैलदेव पार्टी के भी उपाध्यक्ष है और उनकी पार्टी भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग प्रदेश बनाने की मांग को समर्थन करती है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनाव भी समय पर हो। यदि चुनाव समय पर नही होता तो ग्राम प्रधानों का समय बढाया जाये। प्रशासक जनता की समस्या को नही समझे और मनमानी करते है। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया और कहा कि पहले केन्द्र की भाजपा सरकार आने वाले चुनाव में अपनी पार्टी से टिकट देते समय 33 फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी बनाये। इस अवसर पर जयशंकर मिश्रा, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद पटवारी, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



## किसानों की समस्याओं को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के सलेमपुर रोड पर किसानों को बढ़ी हुई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने डीएम आलोक यादव को एक शिकायती पत्र सौंपा है।

किसानों का कहना है कि उनके खेत सलेमपुर रोड पर स्थित है, और रास्ते में बने गहरे नाले की वजह से उन्हें खेतीबाड़ी और पशुओं को खेत में ले जाने में कठिनाई हो रही है। नालों को पहले छोटे आकार में बनाया गया था, लेकिन अब इन नालों को बड़े आकार में गहरा कर दिया गया है, जिससे न केवल किसान बल्कि अन्य लोग भी इस रास्ते से सुरक्षित नहीं निकल पा रहे हैं। कहा कि सलेमपुर रोड पर स्थित बंजर भूमि पर पहले तालाब हुआ करता था, जिसे अब मकानों द्वारा ढक लिया गया है, जिससे जल निकासी की समस्या और बढ़ गई है। उन्होने मामले का संज्ञान लेकर नालों को पक्का कराएं और नालों पर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर आमिर, अनवर, रहीस शाह, अफसर, महबूब, नौशाद आदि मौजूद रहे।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के खेत में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के खेत से चार माह पूर्व तारबंदी की इंगल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की गयी इंगल बरामद की है, पुलिस ने चोर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने लगभग चार माह पूर्व 14 जनवरी को पुलिस को खेत से तारबंदी की लोहे की इंगल चोरी होने की सूचना दी थी। जिसमें पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। जिसमें मंगलवार को उपनिरीक्षक पवन कुमार ने मामले में फरार चल रहे उमैर पुत्र शाहनवाज निवासी मौहल्ला चौक झिंझाना हाल पता मौहल्ला खैल खुर्द कैराना को गिरफ्तार किया है।



जिसके कब्जे से पुलिस ने तारबंदी के लिए इस्तेमाल होने वाली चार लोहे की इंगल बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरा. ेपी चोर उमैर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की हैं। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया चोरी के मामले में फरार चल रहे एक चोर उमैर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गयी इंगल बरामद कर चालानी कार्रवाई की गयी है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग,सामान स्वाहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव नोनागली में देर रात शॉर्ट सर्किट से मकान और सटी परचून की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग तेजी से फैलने के कारण घर और दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से सो रहे परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बताया गया कि ललित जैन पिता श्रीपाल जैन के मकान में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पास की दुकान को भी चपेट में ले लिया। उस समय पूरा परिवार सो रहा था। लपटें उठती देख ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। हादसे में एलईडी टीवी, कूलर, घरेलू सामान और दुकान का पूरा माल जल गया।



आग बुझाने के दौरान गांव निवासी जुनैद घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची और करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार ने करीब 15 लाख रुपये के नुकसान की बात कही है। घटना के बाद परिवार आर्थिक संकट में है।

### सूचना

मेरी पत्नि निगहत NIGHAT के पासपोर्ट में मेरा नाम जमाल JAMAL था जो की गलत है जबकि मेरा सही नाम जमाल अहमद सिद्दीकी JAMAL AHMAD SIDDIQUI है। मुझे जमाल अहमद सिद्दीकी JAMAL AHMAD SIDDIQUI नाम से जाना-पहचाना और पुकारा जाता है।

JAMAL AHMAD SIDDIQUI
S/O MOHAMMAD UMAR, 132-KHAIL KALA- 3, KAIRANA, PO-KAIRANA-DIST-SHAMLI, UTTAR PRADESH & 247774 INDIA

# कबाड़ की दुकान में आग लगने से अफरा तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** दिल्ली रोड स्थित ग्रीन वैली स्कूल के सामने मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब हाईवे किनारे स्थित शानू कुरैशी पुत्र सईद खान, निवासी मोहल्ला पीपलतला के गोदाम/कबाड़ की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार गोदाम के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन पर एक कबूतर बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू होने से तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया और उससे निकली चिंगारियां नीचे रखे कागज, गत्ता व प्लास्टिक के सामान पर गिर गईं। देखते ही देखते आग ने विक. राल रूप धारण कर लिया और कुछ ही पलों में आसपास का क्षेत्र घने धुएं से भर गया। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों में दहशत फैल गई। स्थानीय नागरिकों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा और स्थिति को नियंत्रित करते हुए लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम में रखा कबाड़ व अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग से हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी।

## रिहाई की मांग

**सहारनपुर।** सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचारक गौतम खट्टर की गोवा पुलिस द्वारा कथित रूप से गलत गिरफ्तारी के विरोध में आज सार्वदेशिक आर्य वीर दल के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए गौतम खट्टर की तत्काल रिहाई की मांग की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यकर्ता हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए, जहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने गायत्री मंत्र और आर्य समाज के वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर विरोध जताया। ज्ञापन में बताया गया कि 24 अप्रैल को गौतम खट्टर को गोवा पुलिस द्वारा गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया।

# आवारा कुत्तों ने 8 वर्षीय बच्चे को नोचा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव चाउपुर शेखूपुर मुजाहिदपुर के निकट में आवारा कुत्तों ने एक 8 वर्षीय बच्चे की जान ले ली है गेहूं के खेत में बालियां बीनने गया मासूम बच्चा आवारा कुत्तों के झुंड का शिकार हो गया घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है और स्थानीय लोगों में आवारा कुत्तों के प्रति भारी आक्रोश है



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव चाउपुर निवासी संदीप का 8 वर्षीय पुत्र लविश दोपहर के समय घर से पास के ही खेत में गेहूं काटने के बाद बची हुई बालियां बीनने गया था उसके साथ मोहल्ले के अन्य बच्चे भी थे। जब देर शाम तक लविश घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की शाम लगभग 5 बजे जब परिवार वाले खेत में पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनकी रूह कांप गई। लविश खून से लथपथ हालत में पड़ा था

लविश के चाचा सुमित और पवन ने बताया कि जिस समय वे मौके पर पहुंचे वहां आवारा कुत्ते घूम रहे थे। उन्होंने आशंका जताई कि जब कुत्तों ने लविश पर हमला किया होगा, तो उसने खुद को बचाने के लिए खूब शोर मचाया होगा, लेकिन खेत दूर होने के कारण उसकी आवाज किसी तक नहीं पहुंची। कुत्तों ने बच्चे के शरीर के निचले हिस्से को बुरी तरह नोच लिया था, जिससे उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया

परिजन आनन फानन में लविश को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता संदीप ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ईंट ढोने का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इकलौते बेटे की इस दर्दनाक मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव के लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी आवारा कुत्तों द्वारा काटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ग्रामीण इतने भयभीत हैं कि वे अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने में डर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए।

# बुकिंग के हफ्ते बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** श्री अंबे भारत गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एजेंसी का दो दिन में डिलीवरी का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है।

14 से 20 तारीख के बीच बु. कंग कराने वाले दर्जनों उपभोक्ता, जिनमें अब्दुल शहजादी, अनिल सैनी, जुलेखा, असलम मलिक और सचिन चौधरी जैसे अनेक लोग शामिल हैं हफ्तों से गैस के लिए दर दर भटक रहे हैं भीषण गर्मी में अपना कामकाज छोड़कर लोग एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें सिर्फ अगले हफ्ते आना का झूठा आश्वा. सन मिलता है। सवाल यह है कि आखिर सिलेंडर जा कहाँ रहे हैं क्या यह जानबूझकर की जा रही कालाबा. जारी है जनता की रसीदें ऑफिस में जमा होने के बावजूद उन्हें गैस न देना, सीधे तौर पर आम आदमी का शोषण है प्रशासन से मांग है कि तत्काल एजेंसी की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जनता को सिर्फ वादे नहीं, बल्कि उनका हक चाहिए।

## सेरेमनी का आयोजन

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में हाउस इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेड बॉय अंशुल व हेड गर्ल लक्ष्मी को चुना गया।


कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। चारों हाउ. सों में अम्बिशन, करेज, पीस व यूनिटी का भव्य मार्च पास्ट आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन व गर्व के साथ प्रतिभाग किया।घ विद्यालय के हेड बॉय अंशुल व हेड गर्ल लक्ष्मी सहित चारों हाउ. सों के हाउस हेड शिक्षक, सब-हेड शिक्षक, हाउस कैप्टन व वाइस कैप्टन का परिचय कराया गया।

# विधायक आशु के प्रयासों से दतौली मुगल में लगी स्ट्रीट लाइट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहात विधानसभा क्षेत्र के गांव दतौली मुगल में अब रात के अंधेरे का डर खत्म हो गया है ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गांव में तीन नई स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं इस सुविधा के मिलने से न केवल रात के समय आवागमन सुगम हुआ है बल्कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था भी और अधिक मजबूत हो गई है।

इस विकास कार्य की पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए जानकारी दी गई कि कुछ दिन पूर्व समाज सेवक जुनैद मलिक एवं मर्सिफुल ग्लोबल एकेडमी के डायरेक्टर कारी महमूद ने देहात विधानसभा के विधायक आशु मलिक से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और अंधेरे की समस्या से विधायक को अवगत कराया। विधायक आशु मलिक ने समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से अधिकारियों को निर्देशित कर इस कार्य को पूर्ण कराया।



इस कार्य को धरातल पर उतारने में स्थानीय स्तर पर विशेष प्रयास किए गए। इस दौरान राव राशिद, ग्राम प्रधान डॉ. अबरार मलिक, राव साकिब और फरमूद सहित अन्य स्थानीय निवासियों का सराहनीय योगदान रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इन लोगों के निरंतर सहयोग और तत्परता के चलते ही यह कार्य कम समय में संभव हो पाया।

गांव में स्ट्रीट लाइट लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक आशु मलिक का धन्यवाद किया है और उन सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस जनहित के कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पॉपुलर के पेड़ उखाड़ने के विरोध पर मारपीट

**चिलकाना।** माहेश्वरी कलां निवासी पीड़ित किसान ने अपने पड़ोसी किसानों पर उसके खेत मे लगे पॉपुलर पेड उखाड़े जाने व पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित इम्तियाज पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम महेश्वरी कलां थाना चिलकाना ने बताया है कि उसका खेत वाके ग्राम महेश्वरी कलां में है। जिसमें पॉपुलर के पेड लगे हुए है तथा बीच में बनी धरी हुई है। पूरब की ओर विपक्षी शराफत पुत्र जरीफ तथा सलीम पुत्र जरीफ का खेत है। आरोप है कि विपक्षीगण शराफत एवं सलीम पुत्र जरीफ तथा फरहान पुत्र सलीम व राजिक पुत्र शराफत निवासीगण ग्राम महेश्वरी कलां ने जबरन पीड़ित के खेत में लगे हुए पोपूलर के पेड काटने व फाडने शुरु कर दिये। इस बाबत पीड़ित को पता चला तो वह अपने खेत पर गया उसने देखा कि विपक्षीगण उपरोक्त ने उसके खेत से लगभग 70 से 80 पेड़ फाड कर फेंक दिए है तथा कुछ काट दिए है। आरोप है कि यदि पीड़ित ने विरोध जताया तो विपक्षी गाली गलौंच करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। विपक्षीगणो ने अपने हाथ में तलवार ली हुई थी। पीड़ित को वहां रुकने पर जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि पीड़ित ने वहां से किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई विपक्षी दबंग एवं झगडालू किस्म के लोग है। पीड़ित ने विपक्षीगणो ने अपनी जान माल का खतरा बताते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा उसके खेत से विपक्षियो द्वारा काटे एवं उखाड़े गये पेडों के नुकसान की भरपाई करवाये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उपरोक्त चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली की समस्या को एसडीओ से मिले सभासद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में बिजली की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत सुल्तानपुर बोर्ड के सभी सभासदों ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी से भेंट की।

मंगलवार को नगर पंचायत सुल्तानपुर के जन प्रतिनिधि सभासदों द्वारा बिजली घर पहुंच कर एसडीओ पी सी सागर से मुलाकात की गयी। जिसमें सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं एसडीओ के समक्ष रखी। नगर में नए विद्युत पोल लगाने, जर्जर तारों को बदलने, बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर की सप्लाई व्यवस्था व वोल्टेज बढ़ाने के विषय में चर्चा की गयी।

इस दौरान मुख्य रूप से रात्रि में लाइनमैन की व्यवस्था को लेकर भी बात की गयी। सभी सभासदों की समस्याओं को सुनकर एसडीओ द्वारा तुरंत एक्शन लेते हुए जेई को आदेशित किया गया कि रात्रि में नगर पंचायत सुल्तानपुर में एक लाइनमैन की ड्यूटी लगाई जाये तथा जर्जर हो चुके तारों का एस्टीमेट बनाकर तुरंत बदलने का कार्य शुरू किया जाये।

इस दौरान नगर पंचायत के एम्बेसडर व समाजसेवी आशु सैनी, निशांक जैन, ईसम सिंह दुबे, अनुपम जैन, मो. इनाम, अरशद अंसारी, नाथूराम, विनय कश्यप व सुमन सैनी आदि सभासद मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड के मेधावी सम्मानित




**नकुड़।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में कु. भावना ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विशाल ने 86.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा कु. पूजा देवी ने 82.83 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट में अनमोल ने 68 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. वंशिका चौहान ने 66.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं कु. तुलसी ने 60 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया।इस अवसर पर शिक्षिकाओं व स्टाफ ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं को अधिकार मिलेः श्वेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महिलाओं को उनका सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए।इसके लिए नारे नहीं ठोस निर्णय जरूरी है।

मौहल्ला कायस्थान स्थित महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सीता भारद्वाज जी के आवास पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहारनपुर श्रीमती श्वेता सैनी ने की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजे गए जिनमें मांग की गई कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को शीघ्र लागू किया जाए। पोस्टकार्ड में लिखा गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लागू करो, आज करो, अभी करो। हमारी एससी एसटी बहनों के साथ हमारी अति पिछड़ा वर्ग बहनों को भी आरक्षण में शामिल करो। जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं, बल्कि ठोस निर्णयों और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव है। इस दौरान में पूजा, राखी, प्रीति, नेहा, रुखसार, सरोज आदि उपस्थित रहीं।

# डीएम-एसएसपी से मिले अधिवक्ता



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष जमाल साबरी एडवोकेट नेतृत्व में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में अब्दुल रहमान एडवोकेट, शाहजमाँ एडवोकेट, मो ऐजाज एडवोकेट, गामीद खान एडवोकेट, रूमन लाम्बा एडवोकेट, राव फैसल एडवोकेट, राव मुहासिर एडवोकेट, विमल किशोर एडवोकेट, अभिषेक एडवोकेट, विकास एडवोकेट, अंकित शुक्ला एडवोकेट, मो साकिब एडवोकेट, मो मुज्जमिल एडवोकेट, पूजा एडवोकेट, शिवानी एडवोकेट, राव एहतेशाम एडवोकेट, मो जर्जर एडवोकेट, साकिर एडवोकेट, सुबोध कुमार एडवोकेट आदि शामिल रहे।

# 12 हजार से अधिक पंजीकरण निरस्तः इनाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेशभर में वक्फ संपत्तियों के सत्यापन को लेकर चल रही व्यापक जांच प्रक्रिया में बड़ा खुलासा सामने आया है। उम्मीद पोर्टल पर दर्ज वक्फ संपत्तियों की समीक्षा के दौरान 12 हजार से अधिक पंजीकरण निरस्त कर दिए गए हैं,जिनमें सहारनपुर जनपद की करीब 990 संपत्तियां भी शामिल हैं। इस कार्रवाई से संबंधित विभागों और प्रबंधन समितियों में हलचल मच गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश पंजीकरण डाटा एंट्री में त्रुटियों, अधूरी जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के अभाव के कारण निरस्त किए गए हैं, अधिकारियों का कहना है कि कई प्रविष्टियों में तकनीकी खामियां पाई गईं, जिससे सत्यापन प्रक्रिया प्रभावित हुई और नियमों के अनुरूप कार्रवाई करनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक, ऑडिट रिपोर्ट में सबसे अधिक निरस्तीकरण कब्रिस्तानों से जुड़े मामलों में हुआ है, जिसके बाद मस्जिदों का स्थान है। इसके अलावा मदरसे, ईदगाह, इमामबाड़ा, दरगाह और कुछ आवासीय व आय अर्जित करने वाली वक्फ संपत्तियां भी इस जांच की जद में आई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित प्रबंधन समितियां और जिम्मेदार व्यक्ति सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपत्तियों का विवरण पुनः उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करें। इसके लिए शासन द्वारा 5 जून तक की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, ताकि त्रुटियों को सुधारकर पारदर्शी रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधीन प्रदेश में 1.26 लाख से अधिक वक्फ संस्थान पंजीकृत हैं। ऐसे में इस स्तर पर हुई कार्रवाई को प्रशासनिक सख्ती और रिकॉर्ड सुधार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। वहीं, इस मुद्दे पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद पद प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब मुस्लिम समुदाय दिन-रात दस्तावेज एकत्र कर पोर्टल पर अपलोड करने में जुटा है, ऐसे में 12 हजार संपत्तियों का निरस्तीकरण सरकार की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सूचना**

मैने अपने भाई बाबूराम की पुत्री स्वाति को अपने पास रखा हुआ था जिसे अब मैने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति बिजेन्द्री देवी पत्नि स्व. गीताराम निवासी जौला डिंडौली, थाना व पोस्ट नागल, जिला सहारनपुर।**

# उद्योग संवेदीकरण के लिए मानक मंथन का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स देहरादून व इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने उद्योगों के ज्ञानवर्धन एवं इकाइयों में उत्पाद गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उद्योग संवेदीकरण कार्यक्रम मानक मंथन का आयोजन किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक हेमंत बी. आडे ने कहा कि उद्योगों के साथ इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम गुणवत्ता संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहायक निदेशक सौरभ चौरसिया ने उपस्थित उद्यमियों को बीआईएस सर्टिफिकेशन प्रक्रिया, भारतीय मानकों गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एवं उत्पाद प्रमाणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य क्षेत्र के उद्योगों को गुणवत्ता, नवाचार एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप सशक्त एवं सक्षम बनाना है। 'पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. धवन, केन्दीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव संजय बजाज, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस.कुमार अरोड़ा, वीरभान भटेजा, राज. कुमार अरोड़ा, विनय दहुजा, अरविन्द खन्ना, राकेश गांधी, परमजीत सिंह, हरजीत सिंह, अशोक छाबडा, संजय कपूर, संजीव सचदेवा, संदीप कपूर, राजेश सपरा, अविजीत सिंह छाबड़ा, दर्शन कुमार गुप्ता, अनिल अग्रवाल, मनोज जैन, सुनील सैनी, शिवम गोयल, अनुज कुमार जैन, अविजीत सिंह छाबडा, सुरेश बजाज, मंयक अग्रवाल, विजय मदान, सुनील अरोड़ा, सुनील वर्मा, मन्नू वर्मा, मनजीत सिंह अरोड़ा, पंकज मित्तल, एम.पी दीक्षित, गगनदीप सिंह, ललित धीमान, रजत अग्रवाल, रोहित गिरधर, संजय कालरा, नमन कालरा, आशीष मित्तल, अभिषेक सैनी, विवेक गोयल, सुमित धीमान, कविता मित्तल, मो. साजिद, गुलबशर, आदित्य अवस्थी, पुलकित जैन, तरूण गुप्ता, पवन कुमार सैनी, मोहित जैन, अजय पाल सिंह, वरूण चावला, आकाष जाटव, प्रवीण कदम उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 222/जि0पं0/2026-27 दिनांकः- 28-04-2026

**सामान्य निविदा सूचना**

सर्व साधारण / इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत सहारनपुर के द्वारा संचालित अस्थाई गौ-आश्रय स्थल, ग्राम भारीदीनदारपुर ब्लाक नानौता में गौ वंशों के भरण पोषण हेतु 1800 कुन्तल भूसा की आपूर्ति कार्यादेश निर्गत होने के तुरन्त बाद करने हेतु एवं प्रतिदिन आवश्यकतानुसार हरा चारा की आपूर्ति दिनांक 16.07.2026 से दिनाक 15.07.2027 तक की अवधि हेतु आवश्यकता है। निविदादाता को निविदा प्रपत्र में भूसा, बरसीन, चैरी, हरा गन्ना, मौसमी / कटिग वाली घास प्रति कुन्तल की दर से डालनी होगी। सामान्य निविदा दिनांक 20.05.2026 को सांय 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा फार्म तददिनांक को अपरान्ह 12:00 बजे तक निर्धारित मूल्य में पृथक-पृथक (भूसा एंव हरा चारा) इस कार्यालय से क्रय किये जा सकेगें, जो उसी दिनांक को सांय 04:00 बजे गठित निविदा समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोले जायेगे। शर्ते निम्नवत हैः- 1. प्रत्येक निविदा हेतु इच्छुक व्यक्ति / फर्म को आधार कार्ड / पहचान पत्र एंव रूपये अंकन 20000-00 रू० राष्ट्रीयकृत बैंक की डी०डी०/ एफ०डी०आर० जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बना / बन्धक हो, एक सील बन्द लिफाफे में तथा निविदा प्रपत्र दूसरे सील बन्द लिफाफे में निविदा बोक्स में डालनी होगी। 2. गौ-आश्रय स्थल पर दिनांक 16.07.2026 से 15.07.2027 तक प्रति दिन आवश्यकतानुसार हरा चारा की आपूर्ति देनी होगी। 3. कार्यादेश निर्गत होने के दिनांक से तुरन्त बाद 1800 कुन्तल भूसा गो-आश्रय स्थल पर बने गोदाम में स्वयं के व्यय पर आपूर्ति देनी होगी। 4. आपूर्तिकर्ता को उक्त सामग्री की होगी एंव न्यून्तम निविदादाता को दर प्रति कुन्तल के हिसाब से टैण्डर फार्म शब्दो एवं अंको में अंकित करनी निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराना होगा।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत सहारनपुर**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रोकी उर्फ अनुज कुमार को नाफरमानी व गलत संगत के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अशोक कुमार पुत्र ब्रहम सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदपुर गाडा, थाना बडगांव, जिला सहारनपुर।**

## एक नजर

### अध्यापक एवं मॉनिटर्स सम्मानित



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थित करने पर कक्षा अध्यापक साकिब शमी एवं कक्षा के दोनों क्लास मॉनिटर को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि यदि सभी विद्यार्थी कक्षा में नियमित उपस्थित होकर अपने पढ़ेंगे, तो निश्चित ही अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि कक्षा की साफ–सफाई तथा कक्षा के भीतर अनुशासन में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए कक्षा के मॉनिटर्स को नियमित रूप से इसी प्रकार सम्मानित किया जाता रहेगा। इससे एक ओर विद्यार्थियों में अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के गुण का विकास होगा दूसरी ओर अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वाणिज्य विषय के अध्यापक जयप्रकाश पाल ने समय के महत्व को बताते हुए कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान और अनमोल संपत्ति है, क्योंकि बीता हुआ पल कभी वापस नहीं आता। सफलता और असफलता पूरी तरह से समय के सही उपयोग पर निर्भर करती है। समय का सही प्रबंधन करना लक्ष्य को हासिल करने का उचित माध्यम है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, एसपी गंगवार, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, मौहम्मद अनस, करन वीर आदि मौजूद रहे।

### स्टेबिलिटी वर्कशॉप रिपेरिंग की दुकान में चोरी



**हल्दौर।** बिजनौर–मुरादाबाद हाईवे पर स्थित धारीवाल रेस्टोरेंट के पास दो अलग–अलग जगहों पर चोर करीब एक लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। नगर के मौहल्ला भूड़ होली चौक निवासी पालि. का नामित सभासद व भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार चानू की बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर धारीवाल रेस्टोरेंट के पास कार्तिकेय स्टेबिलिटी वर्कशॉप रिपेरिंग की दुकान संचालित है। दुकानदार के अनुसार वह देर शाम कार्य समाप्ति के बाद दुकान बंद कर घर चले गए। आज सुबह दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें शटर के ताले आदि टूटे हुए मिले। दुकानदार का आरोप है कि चोर दुकान से सोलर इंवर्टर, दो बैटरे, सीसीटीवी की डीवीआर समेत करीब 80 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। वहीं नगर को मौहल्ला खेड़ा निवासी सुहेल का उक्त दुकान के पास स्वीमिंग पुल परिसर से जनरेटर के करीब बीस हजार रुपये के यंत्र चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

### गन्ना पेडी का निरीक्षण



**धामपुर।** शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने शेरकोट के ग्राम नंदगांव, धुराड़ा, मधौरा आदि में बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं पेडी गन्ना का निरीक्षण किया। पेडी गन्ने में वॉटर सूट अधिक दिखाई दिए। जिनको कटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ने की फसल में सीटीपीआर कोराजन, नेटजन व बोलियम की ड्रैंचिंग आवश्यक कराए जिससे टॉप बोरर के आपतन को कम किया जा सके। भ्रमण के दौरान जोनल अधिकारी अरविंद कुमार मौजूद रहे।

### कार ने टेम्पो को मारी टक्कर, युवक गंभीर



**धामपुर।** बीती देर रात तेज रफ्तार कार ने टेम्पो को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जाकिर अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम रामसहायवाला, थाना शेरकोट स्योहारा से अपने घर लौट रहे थे। जब वह शीला टाकीज धामपुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उनके टेम्पो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जाकिर अली और उनके पुत्र फैसल (22 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल आयुष्मान हॉस्पिटल धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां से फैसल की हालत गंभीर देखते हुए उसे कोसमोस हॉस्पिटल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। हादसे में टेम्पो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है। मामले में थाना धामपुर में चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### ब्लैकमेल कर कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मंडावर।** दसवीं के छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने वाले वक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मंडावर के मौहल्ला बंजारान निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पुत्र जो कक्षा दस का छात्र है, उसके साथ मौहल्ले का रईस पुत्र यामीन अपने घेर में कुकर्म कर वीडियो बनाता था और वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मांगता था। पीड़ित बच्चे का पिता परचून की दुकान करता है। आज सुबह रोज की तरह सुबह छात्र स्कूल गया तो जाते वक्त छात्र ने अपनी दुकान से कुछ पैसे उठाए और अपने बैग में रख लिए और चला गया। जैसे ही वह पटवारिन मंदिर पर पहुंचा तो रईस खड़ा हुआ था और छात्र से पैसे वसूल कर रहा था जिसे छात्र के पिता ने रंगे हाथों पकड़ लिया। छात्र के पिता को देख रईस रफूचक्कर हो गया। पुत्र ने जब आपबीती सुनाई तो वह दंग रग गया। छात्र के पिता ने तुरंत 112 को फोन कर पूरी जानकारी दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने की तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है।

# गोली लगने से घायल छात्र को किया रेफर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** छात्रों के दो गुटों के बीच रंजिश के चलते हुए संघर्ष के दौरान गोली के छर्रे लगने से घायल हुए कक्षा दस के छात्र अंकुश की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला अस्पताल से घायल छात्र को पिलखनी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

खेड़ामुगल क्षेत्र के पाहुपुर गांव में छात्रों के दो गुटों के बीच बीती 25 अप्रैल को कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। इस दौरान छात्रों के एक गुट द्वारा कई राउंड फायरिंग भी की गई थी। जिससे कक्षा दस का छात्र अंकुश और वेदांश निवासी गांव बचीटी गोली के छर्रे लगने से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को नागल सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार की शाम अंकुश की हालत बिगड़ गई। जिसके चलते उसे चिकित्सकों ने पिलखनी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। अंकुश की हालत बिगड़ने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल रही है। जिसमें परिजन और चिकित्सक छात्र को मुश्किल से संभालते दिखाई दे रहे हैं। घटना के संबंध में पुलिस दो दिन पूर्व ही गोली चलाने वाले चार किशोरों को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज चुकी है।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर जताई नाराजगी, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूल करने के लिए निगम द्वारा महा डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया गया है। निगम के उपखंड अधिकारी ने राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों को भी कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

नगर के रेलवे रोड स्थित निगम कार्यालय पर आयोजित बैठक में उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने राजस्व वसूली में लापरवाही बरते जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राजस्व वसूली में बढ़ोत्तरी नहीं की गई तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर में करीब 26 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर बिजली बिल बकाया है। इन पर कार्रवाई के लिए दो दिवसीय महा डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया गया है। बताया कि निगम की कई टीमें ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों में जाकर उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेंगी। बैठक में अवर अभियंता गुलशन झा, विष्णु कोठारी, मोहम्मद जीशान, संजय, पिंटू कुमार आदि शामिल रहे।

# भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद

## दो मई को धरना सफल बनाने का आह्वान




शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर दो मई को जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले धरने को सफल बनाने के लिए जिलामंत्री विनोद कुमार ने नगर के स्कूलों में भ्रमण किया तथा शिक्षकों से संवाद कर अधिक से अधिक शिक्षकों से धरने में पहुंचने की अपील की।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज सहित आरयूएम स्कूल में शिक्षकों से रूबरू होते हुए जिलामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि धरने का उद्देश्य शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं एवं मांगों को शासन तक पहुंचाना है। धरने के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों की प्रमुख मांगों चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 की वापसी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, 22 मार्च 2016 की राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करना, वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण तथा व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा देने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त जिला स्तर की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। जिसमें शिक्षकों की एनपीएस कटौती के समुचित रख–रखाव में अनियमितता, जीपीएफ में धनराशि स्थानांतरण में देरी, लंबित पदोन्नति प्रकरणों का समय से निस्तारण न होना, चयन एवं प्रोन्नति से संबंधित मामलों में विलंब, शिक्षकों के बकाया भुगतान में देरी, लंबित पदोन्नति परकरनोक समय से निस्तारण, शिक्षकों के बकाया भुगतान में देरी सहित सेवा. निवृत्त शिक्षकों के देयकों के भुगतान, सामूहिक बीमा के निस्तारण तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर सेवा अभिलेखों में त्रुटियों के सुधार जैसे मुद्दे शामिल है।

इस मौके पर शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार, शाखा मंत्री विजय वर्मा, ब्रह्मपाल सिंह, विनीत कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र शास्त्री, विजयपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, इदरीस अहमद, जाबिर अली, मुजीब अहमद, क्षेत्रपाल सिंह, संजय राजभर, सलीम अहमद, शैलेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### अजयपाल बने शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने प्राथमिक विद्यालय टांडा रतन में प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता अजयपाल सिंह को संघ का नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनसे पंद्रह दिनों के अंदर कार्यसमिति गठित करने के निर्देश दिए है। उनकी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर की गई नियुक्ति संघ के प्रति उनकी समर्पण भावना को देखते हुए संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन की संस्तुति तथा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के निर्देश पर की गई। उनके मनोनयन पर शिक्षक नेता महेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, आमिर अली, मनोज कुमार, विपिन कुमार, राजवीर, अमित त्यागी, अनिल वर्मा, शहला अंजुम, तनवीर अहमद, रिजवान आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### सिमरन अंसारी ने किया कॉलेज टॉप

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परिणाम के बाद छात्र–छात्राएं अपने करियर के बारे में सोचने लगे है। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज की छात्रा सिमरन अंसारी ने इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग की परीक्षा में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज को टॉप किया है। कॉलेज टॉप करने पर परिवार में खुशी का माहौल है। सिमरन अंसारी पुत्री जहीर आलम शुरू से ही पढ़ाई में आगे है। सिमरन अंसारी के बड़े भाई व बड़ी बहनें भी पढ़ाई में हमेशा आगे रहे है। उन्होंने भी कॉलेज टॉप करने के साथ जनपद में भी स्थान प्राप्त किया है।

### किसानों की समस्याएं हल कराने के लिए आगे आए : मूसा

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने अपनी टीम के संगठन के साथ प्रदेश अध्यक्ष इंतजार मूसा ने अपनी टीम के संगठन के साथ प्रदेश सचिव व बड़े किसान व व्यापारी नेता अजगर अली से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर संगठन की एकता व मजबूती के लिए चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों का फूल–मालाओं से स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि असगर अली उत्तर प्रदेश में भाकियू कृषि क्रांति के प्रदेश सचिव पद की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनको गले में पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। संगठन के सभी पदाधिका. रियों से किसानों की समस्याएं जानकर उनका हल कराने के लिए आगे आने की अपील की गई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनव्वर अली, मंडल महासचिव गुलजार सैफी, मुख्य महासचिव निहाल चौधरी, संजय कश्यप, जिला उपाध्यक्ष, सरताज जौहरी नगर अध्यक्ष जलाबाबाद दानिश शेख, ओवेश ग्राम अध्यक्ष, शाबाज अंसारी, अर्जुन सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने गैस आपूर्ति में सुधार कराने के लिए एसडीएम से की भेंट



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** विधायक हाजी तसलीम अहमद ने उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात इंडेन गैस एजेंसी की सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में सुधार को लेकर हुई। बैठक में एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा और इंडेन ऑयल कॉर्पोरेशन के फील्ड ऑफिसर भी मौजूद थे।

**भीषण गर्मी में महिलाओं को हो रही परेशानी**

विधायक ने भीषण गर्मी में महिलाओं को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए समय पर सिलेंडर न मिलने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उपजिलाधिकारी और एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह से सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने को कहा। विधायक ने यह भी मांग की कि जो उपभोक्ता केवाईसी नहीं करा पा रहे हैं। उनके लिए तहसील परिसर में अलग से व्यवस्था की जाए।

साथ ही एजेंसी स्टाफ को उपभोक्ताओं के साथ उचित व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी में गोदाम पर भीड़ से बचने के लिए विधायक ने घर–घर डिलीवरी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने रोहितराज सिंह से प्रतिदिन 800 सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा।

# जमीनी स्तर पर इंसानियत की मिसाल बनते सोशलिस्ट मुस्तफा, युवाओं के बीच बना रहे अलग पहचान




शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** सहारनपुर में इन दिनों एक ऐसा नाम तेजी से उभरकर सामने आ रहा है, जिसने अपने काम और सोच के दम पर समाज में एक अलग पहचान बना ली है। 'सोशलिस्ट मुस्तफा' के नाम से पहचाने जाने वाले यह युवा समाजसेवी न केवल युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं, बल्कि उनकी कार्यशैली भी लोगों के दिलों को छू रही है।

आज के दौर में जहां अधिकतर लोग राजनीति में अपने भविष्य और व्यक्तिगत लाभ को ध्यान में रखकर कदम रखते हैं, वहीं सोशलिस्ट मुस्तफा की सोच इससे बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि असली राजनीति वही है जो जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा से शुरू होती है। वे बिना किसी स्वार्थ के समाज के बीच जाकर जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं और यही वजह है कि युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रभावित हो रही है। सोशलिस्ट मुस्तफा ने अपने कार्यों के जरिए यह साबित किया है कि समाज सेवा के लिए किसी धर्म, जाति या वर्ग की सीमा नहीं होती। वे इंसानियत को सबसे ऊपर रखते हुए हर जरूरतमंद तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। चाहे गरीबों की सहायता हो, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना हो या युवाओं को सही दिशा दिखानाकृवे हर क्षेत्र में सक्रिय नजर आते हैं। उनकी सादगी, समर्पण और निस्वार्थ सेवा भावना ने उन्हें समाज में एक अलग मुकाम दिलाया है। लोग उन्हें केवल एक कार्यकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रेरणा के रूप में देखने लगे हैं। लगातार किए जा रहे उनके प्रयासों से यह साफ है कि वे केवल बातें नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में विश्वास रखते हैं। आने वाले समय में सोशलिस्ट मुस्तफा किस तरह समाज और राजनीति में अपनी भूमिका निभाते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि उन्होंने अपनी अलग पहचान बनानी शुरू कर दी है और युवाओं के दिलों में अपनी जगह बना ली है।

### परीक्षाफल रहा शत–प्रतिशत

**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी वनस्पति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर विभाग के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी के छात्र–छात्राओं का परीक्षाफल शत–प्रतिशत रहा। एमएससी वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि सुम्मैया फातिमा ने 77.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शुभांगी ने 74.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मानसी चौधरी ने 73.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र–छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइन्स की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा व विभाग की प्रवक्ता दीक्षा त्यागी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बीएससी गृह विज्ञान परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर।** महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय द्वारा घोषित गृह विज्ञान के परीक्षा परिणामों में विवेक कॉलेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीएससी गृह विज्ञान पंचम सेमेस्टर में राजिया जफर ने 77.5% अंकों के साथ प्रथम, सादिया मौजिज ने 75.8% अंकों के साथ द्वितीय तथा शगुन ने 75.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी गृह विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में नमरा नाज ने 75.4% अंकों के साथ प्रथम, माही चौहान ने द्वितीय तथा तसमिया परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विवेक विश्वविद्यालय के कुला. धिपति अमित गोयल ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि विवेक कालेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम सदैव उत्तम रहा है उन्होंने बताया कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय, फूड एंड न्यूट्रीशन तथा फैशन डिजाइन विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित है साथ ही दोनों विषयों में पीएचडी भी कराई जा रही है। इस मौके पर विभाग के अधिष्ठाता प्रो. डा. संजय कुमार त्यागी व विभाग अध्यक्ष डा. मीना चौधरी ने सभी छात्राओं को सर्वागींण विकास करने के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

इश्तहार मजरिया
न्यायालय सिविल जज
सीनियर डिविजन सहारनपुर।
प्रकीर्ण वाद संख्या 87 सन् 2026
1. श्रीमती प्रिया पत्नी स्व0 अनुज चौधरी जेल वार्डर
2. कु0 अनाया आयु लगभग 3 वर्ष पुत्री स्व0 अनुज चौधरी अव्यस्क द्वारा उसकी माता हकीकी व वलिया कुदरती श्रीमती प्रिया उपरोक्त निवासीगण ग्राम व पोस्ट बाढी माजरा परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर पिन 247 341 उत्तर प्रदेश ....आवेदकगण
विपरीत
1. श्रीमती बबीता देवी पत्नी श्री रूद्रसैन, 2. रूद्र सैन पुत्र श्री जगदीश निवासीगण ग्राम रादौर परगना गंगोह तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर।,
3. आम जनता .... विपक्षीगण
दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती प्रिया आदि सायलान वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट बसूल जर मुबलिग 6,00,000/– रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती प्रिया आदि, मुतबफ्फा अनुज चौधरी पुत्र श्री रुद्रसैन वसूजिब ऐक्ट 7 सन् 1889 ई0 वकैद 6,00,000/– रूपये हरगाह मुसम्मा श्रीमती प्रिया आदि सायलान ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 01 माह 7 सन् 2026 ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की नस्वत दरख्वास्त मजकूर के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर बतारीख 01/7/2026 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा, हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। लअमरकूम 27 माह 04 सन् 2026 ई0
आज्ञा से
मुन्सरिम
सिविल जज सी0डि0 सहारनपुर।

नाम परिवर्तन सूचना
मैंने अपना नाम Rais Ahmad S/o Mohd Hanif से बदलकर Raees Ahmed S/o Haneef रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
Raees Ahmed S/o Haneef, Near Usmaniya Masjid, Rajpoot Colony, Saharanpur

नाम परिवर्तन सूचना
मेरी पुत्री मरियम फातमा के सभी प्रमाण पत्रों में मेरा नाम सऊद अहमद (saud ahmad) दर्ज हैं जबकि मेरा सही नाम सऊद हसन (saud hasan) है भविष्य में मेरी पुत्री मरियम फातमा के सभी प्रमाण पत्रों में मेरा नाम इसी नाम से जाना व पहचान जाए।
सऊद हसन (saud hasan s/o Masood Hasan) हाउस नंबर 36 मोहल्ला मनिहारान कस्बा बेहट सहारनपुर 247121

नाम परिवर्तन सूचना
मैंने अपना नाम Salma Begum से बदलकर Salma Begam रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।
Salma Begam W/o Gulam Rasool, 8/522-1/2, Mohalla, Jhotewala, Near Yateem Khana, Saharanpur

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा

**सान्या।** सामी फैल अल-बुलुशी ने हैट्रिक बनाई, जिससे ओमान ने यहां एशियाई बीच गेम्स के बीच सॉकर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को एक्स्ट्रा टाइम के बाद 5-4 से हरा दिया। बुधवार को होने वाले फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में फलीस्तीन को 9-1 से हराया। सऊदी टीम 3-1 से पिछड़ने के बाद तीसरे पीरियड में वापसी करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर करने में कामयाब रही, मैच एक्स्ट्रा टाइम में चला गया, अल-बुलुशी ने बाइसाइकिल किक के जरिए हैट्रिक पूरी की।

### ज्वेरेव ने मैड्रिड में 9वीं जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहेद्ध उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, ज्वेरेव ने खुद को संभाला और जीत हासिल की।

### चीन ने कड़ी चुनौती पर जीत हासिल की

**होरसेंस द्धडेनमार्कऋ।** चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने 2026 थॉमस और उबेर कप फाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

# पंजाब ने राजस्थान को 223 का टारगेट दिया

## 20वें ओवर में 24 रन आए, प्रभसिमरन-स्टोयनिस ने फिफ्टी लगाई

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 40वें मैच में राजस्थान रायल्स को 223 रन का टारगेट दिया। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बनाए।

मार्कस स्टोयनिस ने 62 और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 रन बनाए। राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने एक-एक विकेट झटके। मार्कस स्टोयनिस ने पंजाब की पारी के 20वें ओवर में 24 रन बनाए। उन्होंने बृजेश शर्मा की आखिरी 5 बाल पर लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। दूसरी बाल पर चौका के सहारे पंजाब की टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर




लिया। फिर अगली दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाकर फिफ्टी भी पूरी की। 18वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने 00 रन खर्च कर दिए। उनके आखिरी ओवर में मार्कस स्टोयनिस ने दूसरी बाल पर छक्का और तीसरी बाल पर चौका लगाया। बर्गर ने अपने कोटे के चार ओवर में 59 रन खर्च कर दिए। उन्हें आखिरी बाल पर श्रेयस अय्यर का विकेट मिला। श्रेयस को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। अय्यर 30 रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रेयस अय्यर ने रवींद्र जडेजा के ओवर की आखिरी बाल पर दो रन लेकर टीम स्कोर डेढ़ सौ पार कराया। 14वें ओवर की आखिरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर प्रभसिमरन सिंह 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यशराज पूंजा ने कप्तान रियान पराग के हाथों कैच कराया। पूंजा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने कूपर कोनोली को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की तीसरी बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने डीप मिडविकेट पर सिंगल लिया और 35 बाल पर अर्धशतक लगाया। प्रभसिमरन ने इस सीजन चौथी हाफ सेंचुरी लगाई है। 9वें ओवर की दूसरी बाल पर यशराज पूंजा ने कूपर कोनोली को कैच आउट कराया। उन्हें डोनोवान फरेरा कैच किया। पूंजा को आईपीएल में पहला विकेट मिला है। कोनोली 30 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में कूपर कोनोली ने यश राज पूंजा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी और तीसरी बाल पर सिक्स लगाया। कोनोली ने 8वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की 5वीं बाल पर छक्का लगाया। फिर आखिरी बाल पर चौका मारा। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरुआती 6 ओवर के खेल में 65 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। छठे ओवर में नांद्रे बर्गर की पहली बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने छक्का लगाया।

# भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर पहुंचे

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को उनके आईपीएल 2026 घरेलू मुकाबले में 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन के चलते पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया।




■ गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया

मैच में सिर्फ 152 रन बने, लेकिन फिर भी ऑरेंज कैप की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के खिलाफ 3-0-5-3 के आंकड़े दर्ज किए, जिसमें उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए और आरसीबी ने डीसी को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। अंशुल कंबोज और इशान मलिगा की तरह भुवनेश्वर के भी 14 विकेट हैं, लेकिन उनका औसत 16-85, उन्हें कंबोज (16-92) और मलिगा (18-21) से आगे ले गया। आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने डीसी के खिलाफ एक विकेट लेकर शीर्ष दस विकेट लेने वालों की सूची में जगह बनाई। उनके अब नौ विकेट हैं, जो कि कार्तिक त्यागी, जेमी ओवर्टन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन उनका औसत (26-55), अन्य तीनों से बेहतर है। जॉश हेजलवुड ने भी भुवनेश्वर का साथ देते हुए पावरप्ले में तीन विकेट झटके, जिससे डीसी का स्कोर आईपीएल इतिहास के सबसे खराब पावरप्ले स्कोर 13/6 तक पहुंच गया। बाद में उन्होंने एक और विकेट लिया और 3-3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उनके विकेटों की संख्या अब दोगुनी होकर आठ हो गई है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप विराट कोहली ने दिल्ली में 76 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 23 रन बनाए और आईपीएल में 9000 रन पूरे किए। इस पारी के साथ वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके 351 रन हैं, औसत 58-50 का है।

# हैदराबाद को रोकना मुंबई के लिए बड़ी चुनौती

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुक. ाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है,बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके



आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहि. हत शर्मा जैसे अनुभवी

■ इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुकाबला होने वाला

खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी और स्ट्रोक-प्ले पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हालांकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं। शुरुआती विकेट लेने में नाकामी और बीच के ओवरों में विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफलता ने हाल के मैचों में टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है, अगर मुंबई को अपने अभियान को पटरी पर लाना है, तो इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी होगा। इसके ठीक विपरीत, हैदराबाद का अब तक का सीजन काफी मजबूत और लगातार अच्छा रहा है। आठ मैचों में पांच जीत के साथ, वे अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में मजबूती से जमे हुए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की राह पर अग्रसर दिख रहे हैं। टीम को एक आक्रामक और शानदार फॉर्म में चल रही बल्लेबाजी लाइन-अप से बल मिला है, जिसने बार-बार बड़े स्कोर खड़े किए हैं।

### करण और लक्ष्य स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट टूर्नामेंट में चमके

**नई दिल्ली।** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी येलो और पीजीडीएवी ब्लू टीमों ने आसान जीत दर्ज की। करण सोनी की बेहतरीन बल्लेबाजी और हिमांशु सारंग अस्थाना व जय शर्मा की उम्दा गेंदबाजी से पीजीडीएवी येलो 9 ओवर में 142/0 ने आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज को 20 ओवर में 139/9 को एकतरफा मुकाबले में दस विकेट से हराया। परा. जित टीम के लिए वरुण भट्ट ने 33 और शौर्य भाटिया ने 32 रन बनाए। करण सोनी को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड एशिया कुराश रेसलिंग के महासचिव प्रवीण त्यागी ने दिया। एक अन्य मैच में लक्ष्य गोयल 136, 47 गेंद, और 44/2 व मंदीप सिह 80, 27 गेंद, और राहुल बाग 42, 13 गेंद, के शानदार खेल से पीजीडीएवी ब्लू 20 ओवर में 329/9 ने आर्यभट्ट कॉलेज 20 ओवर में 176/8 को 153 रनों से मात दी।

# भारत का उबेर कप में सफर खत्म

**होरसेंस (डेनमार्क)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई।



भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें - चीन और मेजबान डेनमार्क - आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिधु ने सोमवार को शुरुआती सिगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीई को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीई ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21, 21-19 से जीत हासिल कर ली। सिगल्स में खेलने वाली अन्य दो भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी अपने विरोधियों को चुनौती दी, लेकिन ऊंची रैंकिंग वाले विरोधियों के सामने वे टिक नहीं पाईं। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी इशारानी बरुआ शुरुआती गेम में जीत के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन अंत में उन्हें पूर्व ओलंपिक चैंपियन और चौथी रैंकिंग वाली चेन युफेई के हाथों 22-20, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 43वीं रैंकिंग वाली देविका सिहाग को चीन की दुनिया की 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेनजिग के हाथों 19-21, 21-17, 21-10 से हार मिली। डबल्स में तनीषा क्रास्टो और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी ने लू जुमिन और झांग शुक्सियन के खिलाफ शुरुआती गेम जीत लिया था, लेकिन वे 10-21, 21-12, 21-19 से हार गईं। दूसरे डबल्स मैच में, प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा को लियू शेंगशू और टैन निग के हाथों 21-11, 21-8 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले उबेर कप में दो कांस्य पदक जीते हैं, 2014 व 2016 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर नहीं पाए: अक्षर

**नई दिल्ली।** शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरस. ीबी) के खिलाफ उसी बल्लेबाजी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेजलवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाजी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ 16-3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ खराब बल्लेबाजी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर




■ खराब बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी दोषी ठहराया

■ कहा: पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है, दस दौरान टीम में थोड़ी झिझक थी

आप देखोगे, तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके अलावा हमारी कि्स्मत भी इस मैच में खराब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज सेट होकर आउट हुआ। यह हमारा खराब किस्मत ही था कि कोई भी बल्लेबाज पिच पर खड़ा ही नहीं हो पाया और पहले 15-16 गेंद (23 गेंद) में ही हमारे छह विकेट चले गए थे। यह खराब कि्स्मित ही है और हमें यह दिन भूलकर आगे बढ़ना होगा।ष पिच के बारे में बात करते हुए अक्षर ने कहा, ष्यह पिच भी वैसे ही दिख रहा था, जैसा दो दिन पहले वाले मैच का था, जहां पर इतने सारे रन बने थे। बल्लेबाजों के बैक ऑफ द माइंड में भी लगभग यही रहा होगा कि वैसी ही उछाल होगी, वैसा ही पिच होगा। लेकिन आज हवा भी चल रही थी और यह रात का मैच था, इसकी वजह से मुझे लगता है कि शुरुआत में गेंदबाजों को ज्यादा स्विग मूवमेंट मिला। इसके अलावा भुवी (भुवनेश्वर) और हेजलवुड विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं और कोई भी विकेट या ग्राउंड हो, उन्हें पहले दो ओवरों में स्विग मिलेगा ही, लेकिन आज जिस तरह से उनको स्विंग मिल रहा था, उन्होंने अच्छा टप्पा डाला, जबकि बल्लेबाजों को लगा कि पिछले मैच की तरह गेंद इस मैच में भी अच्छा आएगा। इस चक्कर में एक-दो बल्लेबाज आउट हुए और टीम पर दबाव बन गया। यह विकेट बल्लेबाजों के लिए सडेन शॉक जैसा था, हालांकि मुझे लगता है कि एक प्रोफेशनल के रूप में हमें तैयार रहना चाहिए था।


यह डीसी की इस सीजन आठ मैचों में पांचवीं हार थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी, लेकिन इसके बाद से उनका प्रदर्शन लगातार नीचे ही गया है और अब उन्हें अपने प्ले ऑफ की संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए बहुत ही कम गलतियां करनी होंगी और इक्का-दुक्का मैच ही हारने होंगे। ऐसे में कप्तान अक्षर के ऊपर भी बड़ी जिम्मेदारी होगी, जो कि खुद गेंद और बल्ले दोनों से खराब फॉर्म और निरंतरता से जूझ रहे हैं। अब उन्हें इस टीम को दो लगातार तोड़ देने वाली हारों से उबारने की जिम्मेदारी है। इससे पहले डीसी को इसी सीजन गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी एक रन की निराश करने वाली हार मिली थी। अक्षर ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी होती है और आपको ना सिर्फ खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ, बल्कि ओनरशिप के साथ भी मिलकर काम करना होता है।

# आर्यना की वापसी, नाओमी ओसाका को हराया

## एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद दिखाया दमखम

**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मियामी ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका को हराया और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई।





चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने दो घंटे 20 मिनट में 6-7 1-7 6-3 6-2 से जीत हासिल करते हुए इस साल अपनी लगातार 15वीं जीत - और मैड्रिड में लगातार नौवीं जीत - दर्ज की। 27 वर्षीय सबालेंका ने 2023 के बाद से स्पेन की राजधानी में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन उन्हें शुरुआत में ही अपनी ही तरह चार बार की मेजर विजेता ओसाका से कड़ी चुनौती मिली, जो इस सीजन का अपना सबसे बेहतरीन टेनिस खेल रही थीं। सोमवार को अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में, अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा के हाथों 4-6 6-1 6-7 (5-6) से हार का सामना करना पड़ा। गॉफ, जो पिछले साल मैड्रिड के फाइनल में सबालेंका से हार गई थीं, अंतिम सेट में 4-1 से आगे थीं और निर्णायक टाई-ब्रेक में भी 4-2 से बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन 13वीं वरीयता प्राप्त नोस्कोवा ने दो बार जोरदार वापसी करते हुए अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। पेट के वायरस के कारण अस्वस्थ चल रहीं अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ जब नई विश्व रैंकिंग जारी होगी तो तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक जाएंगी, और उनकी जगह पोलैंड की इगा स्वियातेक ले लेंगी। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में बेहद आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे सेट में 21 वर्षीय नोस्कोवा की सर्विस को दूसरी बार तोड़ते हुए अगले दौर में पहुंचने की प्रबल दावेदार लग रही थीं। लेकिन दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी नोस्कोवा ने स्पेनिश दर्शकों के सामने शानदार वापसी की, जबकि गॉफ लड़खड़ा गईं, अब बुधवार को क्वार्टर-फाइनल में नोस्कोवा का मुकाबला यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक से होगा।

23 वर्षीय कोयुक ने अमेरिका की कैटी मैकनैली को 6-2 6-3 से हराकर अपनी लगातार नौवीं जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार मैड्रिड के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, सबालेंका मंगलवार को अमे. रिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट का सामना करेंगी, जिन्होंने अपने चौथे दौर के मैच में बेलिडा बेनसिक को 6-1, 6-7 द्ध14-16ऋ, 6-3 से हराया था। पिछले महीने खिताब जीतने के अपने सफर के दौरान, उन्होंने मियामी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में 24 वर्षीय बैपटिस्ट को हराया था।

# मोदी ने छह बीसीसीआई इन्डोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे उत्तर-पूर्वी भारत में छह अत्याधुनिक इनडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में आयोजित एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीसीसीआई द्वारा विकसित ये अकादमियां रंगपो सिक्किम, दोइमुख अरुणाचल प्रदेश, इंफाल मणिपुर, मदनकुरक्लांग द्धमेघालयऋ, आइजोल मिजोरम और दीमापुर नागालैंड में स्थित हैं। ये सभी मिलकर पहला वास्तविक 'पैन-नॉर्थ-ईस्ट' पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को कवर करने वाला उच्च-प्रदर्शन क्रिकेट




इकोसिस्टम बनाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे क्षेत्र में समान रूप से वितरित और सभी के लिए सुलभ हो। उद्घाटन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के चेयरमैन जय शाह, बीसीसीआई के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि अन्य पांच उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के सचिव के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत करना था। इन अकादमियों की आधारशिला शाह ने मई 2024 में रखी थी, जिसके साथ ही उत्तर-पूर्वी भारत में विश्व स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई थी।

# बेहतर तरीके से हो श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच: डीएम

## जिलाधिकारी ने इण्डियन हर्ब्स फैक्ट्री शिवपुरी नवादा रोड में लगाए स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा 28 अप्रैल से 3 मई तक श्रमिक आरोग्य मेले के अन्तर्गत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर श्रमिकों हेतु उनके कार्य स्थल पर स्वास्थ्य शि. विरों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने इण्डियन हबर्स फैक्ट्री दारा शिवपुरी नवादा रोड में स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया।



जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वास्थ्य शिविर जनपद के साथ-साथ समस्त ब्लॉकों पर विभिन्न फैक्ट्रीयों, औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक वर्ग के कर्मियों हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होने कहा कि श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच बेहतर तरीके से की जाए। इसके साथ ही आवश्यक दवाओं को उपलब्ध करवाया जाए। स्वास्थ्य शिविरों में श्रमिकों की स्वास्थ्य की जांच, निदान एवं उपचार किया जा सकें तथा सभी उपस्थित श्रमिकों को हीटवेव से बचने एवं उसके उपाय के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गयी, कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य शिविर में लगाए गये स्टाल का निरीक्षण भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के आदेशों के क्रम में 3 मई तक जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर स्थापित फैक्ट्रीयों एवं श्रमिकों के कार्य स्थलों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

स्वास्थ्य शिविर में अपर निद. ेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. कुमुद रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवाँका गौड, निदेशक इंडियन हर्ब्स सुधाकर अग्रवाल, अनुपम गुप्ता उपस्थित रहे।

# मौलाना फरीद ने राज्य सूचना आयुक्त नदीम का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम का प्रसिद्ध शायर बिलाल सहारनपुरी के रसूलपुर स्थित आवास पर स्वागत किया गया।

जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने उनका स्वागत करते हुए जिले के विभिन्न अहम सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका के लिए जाने जाते हैं। वे कबीर सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित हैं और अक्सर कठिन परिस्थितियों में समाज तथा शासन-प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं।



उनके प्रयासों से कई बार सामा. जिक सौहार्द और संवाद को बढ़ावा मिला है।

कार्यक्रम के दौरान शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिन्होंने आपसी समन्वय और विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

# सौ करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए स्वीकृत: आशु मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** देहात विधानसभा क्षेत्र से विधायक आशु मलिक के प्रयासों से क्षेत्र में बड़े विकास कार्यों को मंजूरी मिली है। नगर क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

विधायक आशु मलिक ने बताया कि 32 में से 31 गांवों में शहरी फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की योजना भी इसमें शामिल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपये के प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किए, जिन पर नगर विकास मंत्री ने सहमति प्रदान की।इसके अतिरिक्त नागादेव नदी पर पुल निर्माण के लिए भी स्वीकृति मिली है, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अन्य निर्माण कार्यों हेतु 1.10 करोड़ रुपये की धनराशि भी मंजूर की गई है। विधायक ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# सहारनपुर से शुरू होगी किसान नौजवान बचाओ यात्रा: विशाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी ने कहा कि युवा कांग्रेस की किसान नौजवान बचाओ यात्रा सहारनपुर से शुरू होगी। जिसके लिये जिला उपाध्यक्ष चंद्रजीत सिंह निक्कू को प्रभारी बनाया गया है।

विशाल चौधरी आज युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के आवास विकास स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस की किसान - नौजवान बचाओ यात्रा 1 मई को सहारनपुर से प्रारंभ होकर मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर आदि जनपदों से निकलकर मई के दूसरे सप्ताह में दिल्ली में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है और किसान व मजदूर देश की रीढ़, लेकिन बीजेपी भाजपा सरकारे युवाओं और किसानों को न्याय देने में पूर्णतया असफल है।





कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की इन दमनकारी और असंवैधानिक नीतियों के विरुद्ध, युवाओं व किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए 1 मई को समस्त कांग्रेसजन गांधी पार्क स्थित गांधी स्मारक पर एकत्रित होकर शहर के मुख्य मार्गो से एक पदयात्रा निकालेंगे।

किसान नौजवान बचाओ यात्रा के आईवाईसी प्रभारी रजत यादव व पीसीसी यात्रा प्रभारी अवनीश काजला व जनपद प्रभारी आकिब राणा ने भी यात्रा के संदर्भ में विशेष जानकारियां दी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया। जनपद में यात्रा का संयोजक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू प्रभारी युवा कांग्रेस व एनएसयूआई फ्रंटल संगठन को बनाया गया है।

प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, राहत खलील, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष व यात्रा संयोजक सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, हरिओम मिश्रा, अक्षय चौधरी, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, नसीब खान आदि मौजूद रहे।

## गोदाम का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये।

अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार उपस्थित रहे।

# रिहाई पर विधायक गुम्बर का जताया आभार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अबू धाबी में गिरफ्तार भारतीय छात्र नगर विधायक राजीव गुम्बर द्वारा किये गये प्रयासों से वापस लौट आया। परिजनों ने आज विधायक राजीव गुम्बर समेत केन्द्र सरकार का आभार जताया।

बता दे कि नगर के गोपाल नगर नुमाइश कैंप निवासी संजीव शर्मा का बेटा प्रियम शर्मा 10 जून 2025 को इंटरनेशनल बिजनेस रिलेशनशिप की पढ़ाई करने के लिए दुबई गया था अमेरिका और ईरान का युद्ध शुरू होने पर ईरान ने दुबई पर मिसाइल से अटैक किया था जिसको दुबई के द्वारा रोक दिया गया था जिसका वीडियो प्रियम शर्मा ने सोशल मीडिया पर डाला था कि ईरान के हमले बे असर हो रहे हैं। इस वीडियो के आधार पर अबू धाबी के अल सदर जेल में डाल दिया गया। इसे देशद्रोही गतिविधि माना गया। इस संदर्भ में परिवार जनों ने विधायक राजीव कुमार से संपर्क किया जिन्होंने इस प्रकरण में बहुत मदद की। उन्होंने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से संपर्क कर इंडियन एंबेसी को निर्देशित करवाया कि जल्द से जल्द इस बच्चे को रिहा करवाया जाए। विधायक राजीव गुंबर के व विदेश मंत्रालय के प्रयास से संजीव शर्मा का बेटा सकुशल सहारनपुर आ गया। परिवार जनों ने विधायक राजीव गुंबर से मिलकर प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का आभार व्यक्त किया।

# पार्षद फजलुर्रहमान व टिंकू ने उठाए ज्वलंत मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने नगर की प्रमुख समस्याओं को जोरदार तरीके से रखा।

जन्म मृत्यु विभाग को नगर निगम द्वारा 3 जोन में बांटने का कार्य किया गया था जिसमें मंडी समिति से लेकर खाता खेड़ी तक के वार्ड जॉन दो और तीन में शिफ्ट कर दिए गए थे। जिससे आम नागरिक को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था जिस संबंध में आज पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा द्वारा बड़ी मजबूती से उस विषय को रखा गया जिस पर महापौर और नगर आयुक्त ने जॉन दो और तीन की एकस्ट्रा विंडो नगर निगम में खुलवाने का आदेश पारित किया।

पिछले काफी समय से अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त ने अधिकारियों को ज्ञापन देने का काम किया था इसके अलावा टैक्स पर 20 प्रतिशत की छूट का भी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कंप्यूटर ऑपरेटर वह अन्य कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने हेतु भी प्रस्ताव टीम को रोड के द्वारा सदन में रखा गया वह नगर में पिछले काफी समय से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से न होने की वजह से एक कंपनी जो नगर के युवाओं को रखकर सफाई कार्य करवाने का काम करेगी वह प्रस्ताव भी पास किया गया।



विद्युत विभाग और नजूल से पिछले समय हुए खर्च का भी ब्यौरा सदन में मांगा गया टिंकू अरोड़ा ने कहा इससे पहले भी पत्र दिया गया था लेकिन कोई ब्यौरा नहीं दिया गया तत्काल ब्यौरा दिलवाने का आद. ेश नगर आयुक्त द्वारा किया गया इसके अलावा अन्य वार्डों की समस्याओं को भी टिंकू अरोड़ा ने सदन में मजबूती से रखने का कार्य किया।

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षद फजलुर्रहमान ने अपनी आवाज जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर नगर निगम का ध्यान आकर्षित किया।

पार्षद फजलुर्रहमान ने नगर निगम को 3 जोन में बांटने के निर्णय पर खुशी जताई। साथ ही कहा कि जोन और वार्ड को बहुत अधिक दूर बनाया गया है, जिससे नगर की जनता को परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि जोन-2 मंडी समिति रोड पर या नगर निगम परिसर में ही बनाया जाए और उस जोन में आसपास के वार्ड सम्मिलित किए जाएं, ताकि जनता को दूर न जाना पड़े।

पार्षद ने बताया कि मोहल्ला आली स्थित तेलियों वाले चौक में 40 एचपी का नलकूप बोरिंग फेल हो गया है। गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए उन्होंने नलकूप की तत्काल रिबोरिंग कराने की मांग रखी, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके। पार्षद फजलुर्रहमान ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र की पत्रावली लगभग 1 साल तक उप जिलाधिकारी कार्यालय में पड़ी रहती है। इससे शहर की जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया।

## पालकी यात्रा निकाली

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी नगर यात्रा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद ने कहा कि खाटू श्याम कलयुग के जागृत देव हैं।

राधा विहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित खाटू श्याम पालकी नगर यात्रा पालकी वरुण बिहार विनोद बिहार रीति आश्रम से आगे विशाल बिहार गणपति धाम साइन धाम होते हुए मालीपुर रोड स्थित फतेहपुर गुर्जर ग्राम में खाटू श्याम पालकी को विश्राम दिया गया।

# पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जिले में एक के बाद एक फर्जीवाड़े के मामले सामने आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी लाभ दिलाए जाने के खुलासे के बाद अब देवबंद क्षेत्र से भी एक नया मामला उजागर हुआ है, जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत कई लाभार्थियों के खातों में गंभीर अनियमित. ताओं की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि देवबंद क्षेत्र के जिन लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया, उनके बैंक खाते स्थानीय न होकर अन्य जनपदों जैसे शामली, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार और कुछ मामलों में छुटमलपुर क्षेत्र से जुड़े पाए गए हैं। नियमों के मुताबिक, योजना का लाभ उसी क्षेत्र के पात्र व्यक्ति को दिया जाना अनिवार्य है,लेकिन यहां बाहरी खातों में धनराशि ट्रांसफर होना बड़े स्तर पर गड़बड़ी की ओर इशारा कर रहा है। इससे मिलीभगत कीआशंका भी जताई जा रही है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यदि डूडा परियोजना अधिकारी, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी स्तर पर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हो सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी तत्परता से संज्ञान में लेकर कार्रवाई करता है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। देवबंद क्षेत्र के लोगों ने आशंका जताई है कि अभी और न जाने कितने खुलासे होने बाकी हैं।

# किसान रालोद की शक्ति है: चौ. नीरपाल

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चौ. नीरपाल ने दी पार्टी को नई ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने मिशन 2027 की शुरुआत कर दी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड में भी राष्ट्रीय लोकदल 2 मई को जबरदस्त दस्तक देने जा रहा है।

चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने पिछले दिनों मेरठ, मथुरा, मुजफ्फरनगर, सिवालखास व अन्य स्थानों पर कई रैली करके अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। जनसभाओं में उमड़ती भीड़ ने सभी पार्टियों के होश उड़ा दिए है। जयंत चौधरी 2 मई से उत्तराखंड में जबर्दस्त दस्तक देने जा रहे है। गुरुकुल नारसन के पास गांव हरजौली जट्ट में किसानों के महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करके विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल 2027 में चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गया है। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह उत्तराखंड में पार्टी को मजबूती देने में लगे हुए हैं। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में जयंत चौधरी की लोकप्रियता बहुत बढ़ी है। राष्ट्रीय लोकदल बहुत बड़ी ताकत बनता जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2027 में राष्ट्रीय लोकदल मजबूत स्थिति में होगा।लाखों की संख्या में युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय लोकदल से जुड़े हैं जिससे पार्टी को ताकत मिली है।

# पृथक प्रदेश के लिए सांसद इमरान से मिला डेलिगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा के संयोजक व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के सहयोग के लिए सांसद इमरान मसूद से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर मिला।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने सांसद इमरान मसूद से चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चौपट है। पूरा प्रदेश गरीबी महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार गुंडागर्दी व अव्यवस्था की चपेट में है। उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिवक्ता गणों के 45 वर्षों के लगातार संघर्ष के बावजूद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज तक हाई कोर्ट की बेंच स्थापित नहीं की गई है। यहां के करोड़ों लोगों को न्याय के लिए 700 किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है। पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव करनल सुधीर चौधरी ने कहा कि सन 1925 से उत्तर प्रदेश के विभाजन की मांग चली आ रही है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि आने वाले संसद सत्र में पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए प्रस्ताव रखूंगा।

प्रतिनिधि मंडल में मुजफ्फरनगर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रहे कांग्रेस नेता नरेंद्र पाल सिंह वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुधीर चौधरी व मामराज सिंह ने भी भाग लिया।

# शिविर में 66 यूनिट रक्तदान



**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर में 66 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

नानौता की श्री राधा कृष्ण चाननदास पंजाबी धर्मशाला में शिविर का संयोजन राहुल सिंह, मोहित राणा एवं सुबोध चौहान द्वारा किया गया। आयोजन में युवाओं, महिलाओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 66 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही, 20 से अधिक इच्छुक रक्तदाता स्वास्थ्य मानकों के कारण रक्तदान नहीं कर सके, जिन्हें भविष्य में रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। राहुल सिंह, मोहित राणा, सुबोध चौहान,रजित सिंह, प्रिंस, अभयराज चौधरी, विनीत चौहान, सचिन नामदेव ने रक्तदान का महत्व बताया।

# आशा मॉडर्न इन्टरनेशनल में अभिविन्यास कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न इंटरनेशनल विद्यालय' में अभिविन्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन समारोह से हुआ। निदेशक ई.भव्य जैन ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, यह चरित्र निर्माण और जीवन कौशल का समन्वय है। प्रधानाचार्या डॉ. रूचि शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को आत्मविश्वासी, संस्कारवान और भविष्य के लिए तैयार नागरिक बनाना है। अभिभावकों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बनाए गए आर्ट एवं क्राफ्ट वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे अभिभावकों ने खूब सराहा। बच्चों की रचनात्मकता व कला-कौशल देखकर सभी अभिभावक गौरवान्वित हुए। अभिभावकों की सुविधा के लिए एक 'हेल्प डेस्क' का आयोजन किया गया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात उपप्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा के द्वारा स्कूल फीस पद्वति, प्री प्राइमरी इंचार्ज निश्चल वालिया के द्वारा विद्यालय की मूल सुविधाएं एवं सरंचना के बारे में, परीक्षा प्रभारी शबनम ठकराल के द्वारा परीक्षण पद्धतियाँ एवं आई. टी. प्रमुख कल्पना सपरा के द्वारा स्कूल ऐप पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

# सम्पादकीय



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## गुटरेस की चेतावनी

आज सभी को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस की इस चेतावनी पर ध्यान देने की जरूरत है। जो उन्होंने संयुक्त राष्ट्रीय मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज परमाणु अप्रसार संधि बेहद कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रही हैं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन साफ कहा कि विश्वास और विश्वसनीयता छिन्न हो रही है और परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटरेस के अनुसार दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को सामूहिक रूप से भूल रही है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भू राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य आज का नहीं है, बल्कि 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है। गुटरेस ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है और एक बार फिर परमाणु हथियार की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है और कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं। ऐसा कहकर उन्होंने साफ कर दिया कि इस संबंध में अब तक जो प्रयास हुए हैं, वह नाकाफी साबित हुए हैं। उन्होंने एक सैनिक खर्च को लेकर बेहद चौंकाने वाला आंकड़ा भी पेश किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता कार्यों से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है। जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी हो रही हैं। बड़ी बात जो उन्होंने कही है कि यह भ्रम ठीक नहीं है कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान करते हैं। यह सुरक्षा प्रदान नहीं करते, परमाणु युद्ध जीता नहीं जा सकता और न ही इसे लड़ा जाना चाहिए। दो सप्ताह तक चलने वाला यह एनपीटी सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों की नई प्रतिस्पर्धा की शंका बढ़ रही है और 1970 की एनपीटी संधि को मजबूत करने पर सहमति बनाना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। परमाणु अप्रसार संधि को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रहती हैं और सभी इस पर सहमत होते भी दिखाई देते हैं। अगर व्यक्तिगत रूप से देशों के व्यवहार की बात करें, तो हर कोई यह बयान देता दिखाई देता है कि सबको परमाणु अप्रसार संधि को लेकर गंभीर हो जाना चाहिए और शांति के लिए दुनिया में परमाणु हथियार के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन हो क्या रहा है, हर बड़ा देश अपने पास परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है, जिसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस शामिल हैं तो वहीं देखा-देखी अन्य छोटे देश भी अपनी सुरक्षा के नाम पर परमाणु बम को किसी न किसी तरह हासिल करना चाहते हैं।

## आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी



समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और महिला सम्मान व नारी वंदन जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है, भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं, जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी, इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी, अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# शहरों का ढांचा बनाने वाले, बदहाली का जीवन जीने को मजबूर





कृति आरके जैन

भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती है जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ए हाथ ही वे अ.श्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएं और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पांच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत हैकृजीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद। 1 मई इस सच्चाई का स्मरण कराता है कि जिनके हाथों से दुनिया बनती है, उनकी आवाज कभी दबाई नहीं जा सकतीकृवह हर युग में उठती है और व्यवस्था की नींव हिला देने का सामर्थ्य रखती है।

यह मजदूर जिसे हम अनस्किल्ड कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। यह लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊंचाइयां इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ए हाथ थम जाएं तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा। विकास की ऊंचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है।

करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं जहां पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुंचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

अब एआई का युग है। हम स्मार्ट सिटी, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स की बात करते हैं, लेकिन एआई भी कहीं न कहीं श्रमिकों की स्किल पर ही निर्भर है। यह डिजाइन बना सकता है, ड्रोन नियंत्रित कर सकता है और डिलीवरी मार्ग सुधार सकता है, पर ईंट उठाना, वेल्डिंग करना या कठिन परिस्थितियों में काम पूरा करना आज भी मनुष्य के ही बस की बात है। एआई गिग वर्कर्स को बेहतर अवसरों से जोड़ रहा है और 2026 तक एआई-आधारित गिग अर्थव्यवस्था के 335 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। फिर भी, एआई थकान का अनुमान लगा सकता है, पर वह वह धैर्य और जिद नहीं दे सकता जो एक मजदूर बारिश में भी काम करते हुए दिखाता है। एआई मजदूरों का विरोधी नहीं, बल्कि सही उपयोग होने पर उनका सहयोगी बन सकता है। मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएं देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएं घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है। 1 मई 2026 इन्हीं प्रश्नोंकृमहिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्यायकृपर केंद्रित है। इतिहास साक्षी है कि मजदूरों की एकजुटता ने बदलाव रचे हैं, चाहे 1886 का शिकागो हो या आज का भारत। उनकी चुप्पी भी एक गहरा प्रश्न छोड़ती है क्या उनकी भागीदारी के बिना प्रगति संभव है? हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहां मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहां कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियां ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी। श्रम की धड़कनों से गढ़ी यह दुनिया किसी एक दिन की पहचान नहीं मांगती, बल्कि निरंतर सम्मान चाहती है। इस 1 मई को केवल अवकाश न समझें, बल्कि उन हाथों को महसूस करें जो ईंट-पत्थर जोड़कर हमारे सपनों के शहर बनाते हैं। उनकी जीवन-कहानियों को सुनें, उनकी आवाज को मंच दें और उनके परिश्रम को वह स्थान दें जो वास्तव में उनका अधिकार है। वे लोग जो शहरों की परछाइयों में रहकर भी राष्ट्र की प्रगति का भार उठाते हैं, असली निर्माता वही हैं। जब हर श्रमिक का सम्मान समाज की ऊंचाई बनेगा, तभी विकास का अर्थ पूर्ण और सार्थक होगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति श्रम के मौन पसीने में छिपी होती है।

# एक किला जो इतिहास और साहसिकता का संगम है

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**

राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।



**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# अधिक खतरनाक होते कीटनाशक का मानव पर प्रभाव

कीटनाशक प्राकृतिक या रासायनिक रूप से संश्लेषित यौगिक हैं जो संपूर्ण खाद्य और पशु आहार उत्पादन चक्र के दौरान कीटों को रोकने, नष्ट करने, खदेड़ने या नियंत्रित करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। कीटनाशक कई तरह के होते हैं। जैसे, पौधों के विकास नियामक, डिफॉलिएटर्स (पत्तीनाशी), डेसिकैंट्स (जलशोषक), फलों की तादाद कम करने वाले रसायन, और परिवहन एवं भंडारण के दौरान फसल को खराब होने से बचाने वाले रसायन जिन्हें कटाई के पहले या बाद में फसलों पर लगाया जाता है। जंतुओं के बाह्य-परजीवियों का प्रबंधन भी कीटनाशकों के माध्यम से किया जाता है। कीटनाशी, शाकनाशी, कवकनाशी, कृमिनाशी और पक्षीनाशी वगैरह कीटनाशकों की विभिन्न श्रेणियां हैं।

कीटनाशकों को उनके सक्रिय घटक, रासायनिक संरचना, क्रिया के तरीके और विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। कीटनाशक कार्बनिक और अकार्बनिक दोनों तरह के हो सकते हैं। जैविक कीटनाशक कार्बन आधारित होते हैं, जैसे प्राकृतिक पदार्थों से प्राप्त कीटनाशक या कार्बनिक रसायनों से संश्लेषित कीटनाशक। अकार्बनिक कीटनाशक खनिज या ऐसे रासायनिक यौगिकों से प्राप्त होते हैं जो प्रकृति में जमा होते हैं। इनमें मुख्य रूप से एंटीमनी, तांबा, बोरॉन, फ्लोरीन, पारा, सेलेनियम, थैलियम, जस्ता के यौगिक तथा तात्विक फास्फोरस और सल्फर होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कीटनाशकों को उनकी विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों को वर्ग-1a, अधिक खतरनाक को वर्ग-1 b, मध्यम खतरनाक को वर्ग-II और थोड़े खतरनाक को वर्ग-III में वर्गीकृत किया गया है।

किसानों की बढ़ती उत्पादकता और बढ़ती आमदनी के रूप में कीटनाशकों के उपयोग का भारी प्रभाव पड़ा है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या के चलते बढ़ती वैश्विक खाद्य मांग ने इनके उपयोग को बेतहाशा बढ़ा दिया है। कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से खाद्य उपज में कीटनाशक अवशेष बचे रह जाते हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। कीटनाशकों के अनियमित उपयोग और दुरुपयोग के कारण पर्यावरण में अवशेष जमा हो जाते हैं, जिनमें से कई आसानी से नष्ट नहीं होते और वर्षों तक वहीं बने रहते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अनाज, सब्जियों, फलों, शहद और उनसे व्युत्पन्न उत्पादों, जैसे जूस आदि में कीटनाशकों के अंश पाए गए हैं। लापरवाह और अनुचित निपटान प्रथाएं मछली, अन्य जलीय जीवन, प्राकृतिक परागणकर्ताओं (मधुमक्खियों और तितलियों) सहित गैर-लक्षित जीवों (पशुधन, पक्षी और लाभकारी सूक्ष्मजीव) पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

खाद्य, कृषि उत्पादों या पशु आहार में कीटनाशक अवशेष विभिन्न रूपों में हो सकते हैं-जैसे उनके चयापचय से बने, परिवर्तन से बने, अभिक्रियाओं से बने पदार्थ। कीटनाशकों के बार-बार उपयोग से लाभकारी जीव मारे जाते हैं, कीटों में प्रतिरोध बढ़ जाता है और जैव विविधता का नुकसान होता है। इन सबके चलते कीटों का वापिस लौटना आसान हो जाता है। हेप्टाक्लोर, एंड्रिन, डायएल्ड्रिन, एल्ड्रिन, क्लोर्डेन, डीडीटी और एचसीबी कुछ टिकाऊ कार्बनिक पर्यावरण प्रदूषक हैं। भारत कीटनाशकों का एक प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। भारत में कीटनाशक उद्योग एक अरब डॉलर का है। जिसमें एसीफेट का उत्पादन सबसे अधिक होता है, इसके बाद अल्फामेथ्रिन और क्लोरपाइरीफॉस का नंबर आता है। एनएसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, यूपीएल लिमिटेड और भारत रसायन लिमिटेड के अलावा बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड, रैलीज कुछ प्रमुख कीटनाशक निर्माता हैं। एक ओर भारत से 6,29,606 मीट्रिक टन कीटनाशकों का निर्यात किया जाता है वहीं दूसरी ओर, 1,33,807 मीट्रिक टन कीटनाशकों का आयात किया जाता है। कीटनाशकों की खपत यूरोप में सबसे अधिक है। इसके बाद चीन और यूएसए का नंबर आता है। भारत में भी प्रति हैक्टर कीटनाशकों की खपत बढ़ी है। 2022 की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कीटनाशकों की औसत खपत लगभग 0.381 किग्रा सक्रिय घटक हैक्टर है। तुलना के लिए, विश्व की औसत खपत 0.5 किग्रा सक्रिय घटक/हैक्टर है। (विश्व स्तर पर) उपयोग के लिए पंजीकृत 293 कीटनाशकों में से भारत में 104 कीटनाशकों का निर्माण हो रहा है। 2022 तक, हमारे देश में 46 कीटनाशकों और 4 कीटनाशक फॉर्मूलेशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अभी भी 39 कीटनाशक वर्ग-1b के हैं, जबकि 23 कीटनाशक वर्ग-II और वर्ग-III स्तर के हैं। भारत में खपत होने वाले कुल कीटनाशकों में से अधिकांश अत्यधिक या अधिक खतरनाक (1a या 1b) श्रेणी में आते हैं और केवल 10-15 प्रतिशत गैर-विषैले कीटनाशक के रूप में पंजीकृत हैं। भारत में कीटनाशकों के उपयोग का नियमन व नियंत्रण 1968 के कीटनाशक अधिनियम और 1971 के कीटनाशक नियमों के अधीन है। यह नियम-अधिनियम मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से कीटनाशकों के



आयात, पंजीकरण, निर्माण, बिक्री, परिवहन, वितरण और उपयोग को नियंत्रित करते हैं। यद्यपि दो कीटनाशकों, बेरियम कार्बोनेट व कूमाक्लोर का उपयोग बंद कर दिया गया है लेकिन तीन बेहद खतरनाक कीटनाशक, ब्रोडिफाकम, ब्रोमैडायओलोन और फ्लोकोमाफेन (1a) अभी भी भारत में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। फरवरी 2020 में प्रकाशित एक मसौदा अधिसूचना में प्रस्ताव दिया गया था कि मनुष्यों व जानवरों के स्वास्थ्य और पर्यावरण सम्बंधी खतरों को देखते हुए ट्राइसाइक्लाजोल और बुप्रोफेजिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।

ये पौधों, जानवरों, बैक्टीरिया और कुछ खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों से बने होते हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। और आम तौर पर रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में अधिक सुरक्षित होते हैं। कीट प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को कम करने के लिए जैविक और यांत्रिक तरीकों सहित विभिन्न कीट नियंत्रण विधियां हैं। कीटों को दूर रखने या लाभकारी कीटों को आकर्षित करने के लिए एक साथ विभिन्न फसलें लगाई जाती हैं। जैविक खाद का उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करने के लिए किया जा सकता हैय रासायानिक उर्वरक कीटों को आकर्षित कर सकते हैं। हालांकि यह उपाय उतने प्रभावी नहीं हैं, लेकिन अधिक सुरक्षित व टिकाऊ हैं। जैविक खेती, परिशुद्ध खेती और कृषि-पारिस्थितिकी जैसे कुछ अन्य वैकल्पिक उपाय रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर अधिक टिकाऊ विधियां अपनाने में मदद कर सकते हैं।

**(स्रोत फीचर्स)**



किर्गिस्तान। बिश्केक में दक्षिण अफ्रीकी रक्षा मंत्री संघ (एससीओ) की बैठक के दौरान अपने रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# पाक का अफगान पर मिसाइल अटैक, 7 की मौत

## 75 घायल, 6 पाक सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला

काबुल/इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया।

तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें



■ सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए: हमदुल्लाह फितरत

■ दूसरी तरफ पाक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है

पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए। हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया। दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान ने मार्च में राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर भी हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया था। दोनों देशों के बीच मार्च में एक सीजफायर हुआ था, जिससे कई हफ्तों से चल रही खूनखराबे वाली झड़पें रुकी थीं, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। चीन के अलावा तुर्की, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी इस विवाद को खत्म कराने की कोशिश कर चुके हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इस साल संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डान ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है। 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे टीटीपी नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था।

## भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने की राजस्थान चैप्टर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल (आईएससीसी) ने अपने राजस्थान चैप्टर की शुरुआत की है, जो राज्य स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक विस्तार है। आईएससीसी की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उम्मीद जताई गई है कि यह चैप्टर सीमा पार साझेदारी को सुविधाजनक बनाने, नीतिगत संवाद को बढ़ाने और भारतीय तथा अमेरिकी व्यवसायों के बीच क्षेत्र-विशिष्ट के लिए सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। अमेरिकी दूतावास में वाणिज्यिक मामलों के सलाहकार जोनाथन हेइमर ने कहा कि विकसित होती भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया का भविष्य काफी हद तक अमेरिका और भारत के बीच की साझेदारी पर निर्भर करेगा।

## इमरान खान की आंखों की रोशनी पर खतरा



■ चौथी बार हुई सर्जरी इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्युप्यूजन यानी सीआरवीओ नाम की बीमारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक बार फिर आंखों के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिम्स अस्पताल में उन्हें चौथी बार इंट्राविट्रियल एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि 74 वर्षीय इमरान खान को 28 अप्रैल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।

डाक्टर ने जांच के बाद उनकी हालत को स्थिर बताया और फिर आपरेशन थिएटर में जरूरी प्रक्रियाओं के बाद उन्हें चौथा इंजेक्शन दिया गया। इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्युप्यूजन यानी सीआरवीओ नाम की बीमारी है, जिसका पता इस साल जनवरी के अंत में चला था। इससे पहले इमरान खान को 24 जनवरी को पहला इंजेक्शन लगाया गया था। इसके बाद 24 फरवरी को उन्हें दूसरी खुराक दी गई और 23 मार्च को तीसरा इंजेक्शन लगाया गया। डाक्टरों ने बताया कि उनके ताजा टेस्ट में सुधार देखा गया है। यह प्रक्रिया एक डे केयर सर्जरी की तरह थी जिसके बाद उन्हें जरूरी सुझावों के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने सोशल मीडिया पर इमरान खान के अस्पताल जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इमरान खान को रात में इंजेक्शन और मेडिकल चेकअप के लिए पिम्स ले जाया गया था। हालांकि उन्होंने सरकार के रवैये पर सवाल भी उठाए हैं। बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा, श्इलाज जो भी हो लेकिन हमारी चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किसी ऐसे अस्पताल में शिफ्ट किया जाना चाहिए जहां उनके निजी डाक्टरों और परिवार की देखरेख में इलाज हो सके। यह उनका मौलिक अधिकार है और हम लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि सरकार इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पारदर्शिता नहीं बरत रही है।

# ईरान-रूस रणनीतिक साझेदारी की गहराई साबित हुई: अराघची

## कहा: क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया



■ हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है: अराघची

■ उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के साथ ईरान की रणनीतिक साझेदारी की बढ़ती गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया है।

अराघची ने सेंट पीटर्सबर्ग में उच्चस्तरीय बैठकों के बाद कहा कि क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में रूस के साथ सर्वोच्च स्तर पर संवाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है। अराघची ने रूस के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे-जैसे सहयोग का विस्तार हो रहा है, ईरान कूटनीतिक प्रयासों में रूस की एकजुटता का स्वागत करता है। उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई। पुतिन ने ईरानी जनता की संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके 'साहसिक और वीरतापूर्ण' प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि क्षेत्र में स्थिरता लौटेगी। उन्होंने कहा कि रूस ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के हितों की सुरक्षा तथा शांति बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। लावरोव ने अराघची के साथ अपनी वार्ता को उपयोगी बताया। अराघची ने अपने क्षेत्रीय दौरे के अंतिम चरण में दोहराया कि ईरान-रूस के बीच संबंध आगे भी और मजबूत होंगे तथा इसे उन्होंने 'रणनीतिक साझेदारी' बताया। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर 'अकारण आक्रामक युद्ध' का आरोप लगाते हुए कुछ देशों की चुप्पी की आलोचना की। अराघची ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका की बदलती स्थितियां, तीखी बयानबाजी और प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन ने कूटनीतिक प्रगति को बाधित किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे दोहरे मापदंडों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए व्यापक परिणाम सामने आने का खतरा है।

## युद्ध के बाद से ईरान में दवाओं की भारी किल्लत

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल संयुक्त हमलों के बाद से ईरानी दवाखानों में दवाओं की भारी कमी हो गई है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका-इजरायल ने देश के विभिन्न प्रांतों में लगभग 25 फार्मास्युटिकल सुविधा केंद्रों पर हमले किए हैं। लक्ष्यों की सूची में बड़े और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संस्थान शामिल हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, एनेस्थीसिया और मल्टीपल स्केलेरोसिस की दवाएं बनाने वाले फार्मास्युटिकल केन्द्र के साथ-साथ तेहरान में पाश्चर संस्थान (टीका निर्माता) भी शामिल है। तेहरान के वलीअसर स्क्वायर के पास एक फार्मेसी में कार्यरत डॉ. पेजमान नईम ने स्पुतनिक को बताया कि मधुमेह और हृदय रोगों जैसी कुछ दवाएं बाजार में अत्यंत दुर्लभ हो गई हैं। युद्ध के दौरान भी इनकी आपूर्ति बहुत कम थी और नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। अब स्थिति और भी गंभीर हो गई है। डॉ. नईम ने उल्लेख किया कि चुनौतियों के बावजूद स्थिति नियंत्रण में है। ईरानी अधिकारियों ने एक हेल्पलाइन स्थापित की है जिसके माध्यम से नागरिक यह जान सकते हैं कि कौन सी दवाएं स्टॉक में नहीं हैं और वे किन फार्मेसियों में उपलब्ध हैं। फार्मासिस्टों ने मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वयं एक नेटवर्क तैयार किया है।

## हमलावर पर ट्रम्प की हत्या की कोशिश का लगा आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर में फायरिंग करने वाले हमलावर 31 वर्षीय कोल टामस एलन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। डिनर कार्यक्रम में ट्रम्प, फर्स्ट लेडी मेलानिया, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, कैबिनेट सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

आरोपी पर राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश, हथियारों को राज्य सीमा पार ले जाने, हिंसक अपराध के दौरान गोली चलाने और फेडरल अधिकारियों पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। दोषी पाए जाने पर उसे कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी कैलिफोर्निया के टारेंस का रहने वाला है। एफबीआई के अनुसार उसने 6 अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था। वह 21 अप्रैल को लास एंजिलिस क्षेत्र से निकला, पहले ट्रेन से शिकागो पहुंचा और फिर वाशिंगटन आया। जांच एजेंसियों के मुताबिक आरोपी शाटगन, पिस्तौल और कई चाकुओं के साथ सुरक्षा जांच क्षेत्र तक पहुंचा और मेटल डिटेक्टर पार करने की कोशिश की। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनी गई। वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी अटार्नी जीनिन पिरो शनिवार को हुए व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर शूटिंग मामले के आरोपी कोल टोमस एलन के पास मिली शाटगन की तस्वीर दिखाती हुईं। एफबीआई ने कहा कि आरोपी ने एक ईमेल भी तैयार किया था, जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बताया गया था। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा: अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।



■ कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है कोल टामस एलन को

■ एफबीआई के अनुसार उसने छह अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था

# गुटेरेस ने परमाणु प्रसार पर जताई चिंता

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया एनपीटी की व्यापक समीक्षा का आह्वान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि वैश्विक स्तर पर परमाणु प्रसार तेज हो रहा है, जिससे नये परमाणु हथियारों की दौड़ का खतरा बढ़ता जा रहा है।

गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक संधि कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रहीं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा कि संधि कमजोर हो रही है, वचन पूरे नहीं हुए हैं, विश्वास और विश्वसनीयता क्षीण हो रही है तथा परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को 'सामूहिक रूप से' भूल रही है, जबकि भू-राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है, लेकिन मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर परमाणु हथियारों की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है। कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के अनुसार, पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है, जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी तेज हो रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान नहीं करते।



■ कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है: गुटेरेस

## इंडोनेशिया में दो ट्रेनों की टक्कर में सात लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पूर्व में स्थित बेकासी शहर में सोमवार देर रात दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 81 अन्य घायल हो गए। एक समाचार एजेंसी ने रेलवे के अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर खोज और बचाव कार्य जारी है। ट्रेनों की यह टक्कर बेकासी तैमूर स्टेशन पर हुई, जब एक उपनगरीय यात्री ट्रेन और एक लंबी दूरी की ट्रेन आपस में टकरा गईं। लंबी दूरी की ट्रेन ने दूसरी ट्रेन के पिछले डिब्बे को टक्कर मार दी, जो महिलाओं के लिए आरक्षित था।



## मर्दानी-3 का सफर बेहद भावनात्मक: रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि उनके लिये मर्दानी 3 का सफर बेहद भावानात्मक रहा है। फिल्म मर्दानी 3 को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म स्ट्रीमिंग पर एक बड़ी सफलता के रूप में उभरी है। फिल्म अपनी मजबूत थिएट्रिकल रन के बाद 30 दिनों तक नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड करती रही। मर्दानी 3 ने कल नेटफ्लिक्स पर 30 दिन पूरे किए, जो इस चर्चित फ्रेंचाइज़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की एकमात्र सफल महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ बनी हुई है। रानी मुखर्जी ने कहा कि मेरे लिए मर्दानी 3 का सफर बेहद भावनात्मक है, क्योंकि इसने हर जगह दर्शकों से जुड़ाव बनाया है। पहले सिनेमाघरों में और अब दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर। फिल्म का थिएट्रिकल रन बहुत मजबूत रहा, इसने महिला-प्रधान एक्शन फिल्म और फ्रेंचाइज़ के लिए कई मील के पत्थर पार किए, और आज इसे पूरे एक महीने तक स्ट्रीमिंग पर टॉप फिल्मों में ट्रेंड करते देखना बेहद विनम्र करने वाला अनुभव है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# एनपीटी के आसपास की स्थिति चिंताजनक

## पश्चिमी देश इस संधि का कर रहे हैं राजनीतिकरण: रूसी दूत का आरोप

**जिनेवा।** जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के लिये रूस के स्थाई प्रतिनिधि गेनेडी गैतिलोव ने 'आरआईए नोवोस्ती' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के आसपास की स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पश्चिमी देश संधि के मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं।

परमाणु अप्रसार संधि का 11वां समीक्षा सम्मेलन सोमवार को न्यूयॉर्क में शुरू हुआ। रूसी राजनयिक ने कहा कि सच कहूं तो, संधि के आसपास की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिमी देश एनपीटी मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना जारी रखे हुए हैं, और संधि से असंबद्ध राष्ट्रीय मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला रहे हैं। गैतिलोव ने कहा कि 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है, जो रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है।

■ 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है

राजनयिक ने कहा कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की 'परमाणु' आकांक्षाओं का हमारे लिये एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्हें एक काल्पनिक रूसी खतरे के माध्यम से उचित ठहराया जा रहा है। हमारा मानना है कि ऐसा घटनाक्रम न केवल रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है, बल्कि रणनीतिक स्थिरता पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे देश के प्रति फ्रांस और पूरे नाटो सैन्य-राजनीतिक गुट के शत्रुतापूर्ण इरादों की भी पुष्टि करता है। रूसी राजदूत ने दावा किया कि रूस ने पेरिस द्वारा परमाणु हथियारों के संचय का जवाब देने के लिये पर्याप्त उपाय तैयार किये हैं। राजनयिक ने कहा कि रूसी संघ स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है। हम एक जिम्मेदार और संयमित दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, यदि फ्रांस और अन्य नाटो देशों की उपरोक्त योजनाओं को पूरी तरह से लागू किया जाता है, तो निस्संदेह हमारे पास रूस और उसके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। मैक्रों ने मार्च में घोषणा की थी कि फ्रांस अपनी परमाणु निवारण नीति को मजबूत कर रहा है और उन्होंने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि फ्रांस को पूरे यूरोप को कवर करने के लिये अपनी परमाणु रणनीति का विस्तार करने पर विचार करना चाहिए। डेनमार्क ने पहले ही फ्रांस के साथ एक रणनीतिक परमाणु निवारण समझौता कर लिया है, जिसका उद्देश्य नाटो के निवारण तंत्र को पूरक बनाना है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108